हिन्दी साप्ताहिक
भारत निविदा लाईन समाचार
# भारत समाचार निविदा लाईन
पत्र क्राइम की हर खबर....

■ वर्ष : 18 ■ अंक:39 ■ नई दिल्ली 04 से 10 जुलाई 2025 ■ पृष्ठ : 08 ■ मूल्य : 02 रुपए



विदेश में रश्मिका को लेकर दिखी दीवानगी

बिहार मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण

## चुनाव आयोग ने याचिकाओं पर जताई आपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को बिहार में जारी मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मामले में सुनवाई हुई। कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सीपीआई (एम) समेत कई विपक्षी पार्टियों ने बिहार में मतदाता गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने की मांग की। हालांकि, चुनाव आयोग ने याचिकाओं पर आपत्ति जताई और कहा कि चुनाव आयोग का सीधे मतदाताओं से रिलेशन है।




जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने बिहार में मतदाता गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने चुनाव आयोग की तरफ से पक्ष रखा, जबकि कपिल सिब्बल और गोपाल शंकर नारायण ने याचिकाकताओं की ओर से दलील दी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची को संशोधित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं एक ऐसे मुद्दे को उठाती हैं, जो लोकतंत्र की जड़ों को प्रभावित करता है, जिसमें वोट देने का अधिकार शामिल है।

याचिकाकताओं के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है, वोट का अधिकार। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की शक्ति को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय पर भी सवाल उठा रहे हैं।

हालांकि, चुनाव आयोग का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट से इस स्तर पर एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, संशोधन प्रक्रिया पूरी होने दें, फिर पूरी तस्वीर देखी जा सकती है। इस पर बेंच ने कहा कि एक बार मतदाता सूची संशोधित होकर विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी, तो कोई भी कोर्ट इसे नहीं छुएगा।

याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सभी याचिकाओं पर नहीं जाएंगे। हम मूल कानूनी सवालों पर बात करेंगे। सबसे पहले एडीआर की तरफ से वकील गोपाल शंकर नारायण ने दलील रखी।

याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण में 11 दस्तावेजों को अनिवार्य किया गया है। यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है। एसआईआर का फैसला न तो आरपी एक्ट में है और न ही इलेक्शन रूल में है। आयोग कहता है कि एक जनवरी 2003 के बाद मतदाता सूची में नाम लिखवाने वालों को अब दस्तावेज देने होंगे। यह भेदभावपूर्ण है।

नारायण ने कहा, 1 जुलाई 2025 को 18 साल की उम्र वाले नागरिक वोटर लिस्ट में शामिल हो सकते हैं। वोटर लिस्ट की समरी, यानी समीक्षा हर साल नियमित रूप से होती है। इस बार की भी हो चुकी है। लिहाजा अब इसे करने की जरूरत नहीं है।

इस पर जस्टिस धूलिया ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आप ये नहीं कह सकते कि चुनाव आयोग जो कर रहा है, वो कर नहीं सकता है। चुनाव आयोग तारीख तय कर रहा है, इसमें आपको आपत्ति क्या है? आप तर्कों के माध्यम से साबित करें कि आयोग सही नहीं कर रहा है।

सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर याचिकाकर्ता के वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा, ह्लचुनाव आयोग इसको पूरे देश में लागू करना चाहता है और इसकी शुरूआत बिहार से कर रहा है।

इसके जवाब में जस्टिस धूलिया ने कहा, चुनाव आयोग वही कर रहा है, जो संविधान में दिया गया है, तो आप यह नहीं कह सकते कि वे ऐसा कुछ कर रहे हैं, जो उन्हें नहीं करना चाहिए?

गोपाल शंकर नारायण ने कहा, चुनाव आयोग वह कर रहा है, जो उसे नहीं करना चाहिए। यहां कई स्तरों पर उल्लंघन हो रहा है। यह पूरी तरह से मनमाना और भेदभावपूर्ण है। मैं आपको दिखाऊंगा कि उन्होंने किस तरह के सुरक्षा उपाय दिए हैं। दिशानिर्देशों में कुछ ऐसे वर्गों का उल्लेख है, जिन्हें इस रिविजन प्रक्रिया के दायरे में नहीं लाया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया का कानून में कोई आधार नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि क्या चुनाव आयोग जो सघन परीक्षण कर रहा है, वो नियमों में है या नहीं, और ये सघन परीक्षण कब किया जा सकता है? जस्टिस धूलिया ने कहा, आप ये बताइए कि ये आयोग के अधिकार क्षेत्र में है या नहीं।

वकील गोपाल नारायण ने कहा, चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में है। जस्टिस धूलिया ने कहा, इसका मतलब है कि आप अधिकार क्षेत्र को नहीं बल्कि सघन परीक्षण करने के तरीके को चुनौती दे रहे हैं।

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में 11 दस्तावेजों को मांगे जाने की वजह बताई। ईसी ने कहा, जिन 11 दस्तावेजों को मांगा गया है, उनके पीछे एक उद्देश्य है। आधार कार्ड को आधार कार्ड एक्ट के तहत लाया गया है। 60 फीसदी लोगों ने अब तक फॉर्म भर दिया है। अब तक आधे से अधिक फॉर्म को अपलोड भी कर दिया गया है। आधार कार्ड कभी भी नागरिकता का आधार नहीं हो सकता। ये केवल एक पहचान पत्र है। जाति प्रमाण पत्र आधार कार्ड पर निर्भर नहीं है। आधार केवल पहचान पत्र है, उससे ज्यादा कुछ नहीं।

## हिमाचल और पूर्वोत्तर में बाढ से प्रभावित लोगों की मदद कर रही है सेना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना बाढ से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन की मदद कर रही है।



सेना की ओर से गुरूवार को बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में आई बाढ़ के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे राहत और बचाव अभियान में सेना की टुकड़ियां राज्य आपदा मोचन बल , राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर मदद कर रही हैं।

सेना ने थुनाग, बग्सियाड और पंडोह सहित प्रमुख स्थानों पर टुकड़ियाँ तैनात की हैं जो आवश्यक आपूर्ति जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण पहुंच मार्गों को खोल रही है। इसके अलावा थुनाग में चिकित्सा सहायता और राहत सामग्री के वितरण में भी मदद की जा रही है।

सेना के जवान दुर्गम गाँवों में नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर राहत सामग्री भी पहुंचा रहे हैं।

बाढ से बेहाल पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी सेना ने ऑपरेशन जल राहत-दो के तहत नागालैंड, असम और मणिपुर में व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान शुरू किया है। सेना ने इस अभियान के लिए कुल 40 राहत टुकड़ियां तैनात की हैं। इस अभियान में अब तक 3820 लोगों को बचाया गया है और भोजन के 1361 पैकेट वितरित किये गये हैं।

सेना की ओर से 2095 लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है और 15 हजार से अधिक पानी की बोतलें वितरित की गयी हैं।

सेना ने कहा है कि वह प्राकृतिक आपदा के समय संकट में फंसे लोगों की मदद करने की प्रतिबद्धता पर अड़िग है और राहत तथा बचाव अभियानों में मदद करती रहेगी।

## मणिपुर सहित अन्य मुद्दों पर कांग्रेस ने केंद्र पर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने गुरुवार को मणिपुर हिंसा और पहलगाम में हुए आतंकी हमले सहित अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर में दो वर्षों से जातीय हिंसा जारी है। आए दिन वहां हिंसा भड़कने की बात सामने आती है। ऐसे में कांग्रेस यह पूछना चाहती है कि प्रधानमंत्री कब मणिपुर जाएंगे और वहां के लोगों का दुख-दर्द सुनेंगे। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली, लेकिन अबतक हमले के गुनहगार सलाखों के पीछे नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि आतंकियों को अबतक न्याय के कठघरे में क्यों नहीं लया गया है। इसके साथ ही गुजरात में पुल ढहने के मामले को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। विपक्षी दल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री विदेश दौरे से लौट चुके हैं। उन्हें आगामी मानसून सत्र के एजेंडे को अंतिम रूप देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करनी चाहिए।

### एक नजर

## पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करूंगा: सिद्धारमैया

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज कहा कि वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। श्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डी.के शिवकुमार इस समय दिल्ली में हैं। दोनों की लोकसभा में नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात होनी है। श्री शिवकुमार दिल्ली में ही कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से बुधवार को मुलाकात कर चुकें हैं। श्री सिद्धारमैया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए कोई वेकैंसी नहीं है और वह अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि इन रिपोर्टों में कोई दम नहीं है कि कांग्रेस आलाकमान ने उनसे मुख्यमंत्री पद छोड़ने को कहा है ।उन्होंने कहा कि श्री डी के शिवकुमार खुद भी कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई वैकेंसी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधे -आधे कार्यकाल का कोई फामूर्ला नहीं है। आलाकमान जो भी फैसला करेगी हम उसे मानेंगे। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक मामलों को देख रहे पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हाल ही में बेंगलुरू में स्वीकार किया था कि राज्य में कांग्रेस के कईं विधायकों को शिकायतें हैं। उन्होंने विधायकों से अपनी शिकायतें लिखित में देने को कहा था और उनके समाधान का आश्वासन दिया था।

## सामूहिक दुष्कर्म जांच की प्रगति रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपी

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम बंगाल सरकार ने लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोलकाता पुलिस द्वारा की गई जांच पर गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में प्रगति रिपोर्ट पेश की। 'साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' परिसर में एक पूर्व छात्र और दो वरिष्ठ छात्रों द्वारा एक छात्रा से कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने पुलिस की 'केस डायरी' पर भी गौर किया। इस मामले में जांच की प्रगति रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में पेश की गई। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को मामले की जांच में आगे की प्रगति पर चार सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अदालत ने निर्देश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। न्यायमूर्ति स्मिता दास डे भी इस खंडपीठ में शामिल हैं। खंडपीठ ने रिपोर्ट की एक प्रति छात्रा के परिवार के अधिवक्ता को देने और उन्हें इस रिपोर्ट के तथ्यों को उजागर नहीं करने के निर्देश दिए। कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन कोलकाता। कोलकाता में विधि महाविद्यालय की एक छात्रा से कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने गुरुवार को शहर पुलिस मुख्यालय लालबाजार तक मार्च निकाला। हाथों में पोस्टर और नारे लिखीं तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारियों ने पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए नारेबाजी की।

## गुजरात में ‘चंदा दो-धंधा लो’ का सिस्टम, इसलिए टूट रहे हैं पुल : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने गुजरात में मोरबी पुल ढ़हने से कई लोगों के मारे जाने की घटना को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा है कि राज्य में चरम भ्रष्टाचार के बीच वहां ‘चंदा दो-धंधा लो’ की व्यवस्था चल रही है और अधिकारी लापरवाह हो गये हैं इसलिए रोड, पुल, कैनाल, डैम टूटना, अग्निकांड की घटनाएं लगातार हो रही हैं और इनकी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी एवं सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई ने गुरुवार को यहां कांग्रेस के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए सरकार तुरंत जांच शुरू करवा देती है, लेकिन परिणाम शून्य रहता है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार इस तरह के पिछले 16 मामलों में जांच के लिए ईमानदार अधिकारियों की टीम गठित नहीं करती तो सड़कों पर उतरकर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा गृहमंत्री हर्ष रमेश संघवी के इस्तीफे की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा, राजकोट के अग्निकांड का मामला हो, वडोदरा में बोट पलटने का मामला हो, टीआरपी गेमिंग जोन का मामला हो, मोरबी ब्रिज के गिरने का मामला हो या सूरत में तक्षशिला का मामला हो जो पुलिस के अफसर शराब के अड्डों से, जुए के अड्डों से, बड़ी-बड़ी लैंड डील्स से या ड्रग्स के काले कारोबार से तगड़ी कमाई करते हैं, जो चुनाव के वक्त भाजपा को जितवाने की सुपारी लेते हैं-ऐसे भ्रष्ट अफसरों को ऐसे मामलो की जांच दी जाती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक मीडिया और विपक्ष के तौर पर कांग्रेस का दबाव रहता है, तब तक कुछ लोगों की गिरफ्तारी कर लीपा-पोती की जाती है और छोटी मछलियों को पकड़ा जाता है, लेकिन भाजपा से जुड़े बड़े मगरमच्छों को छोड़ दिया जाता है।

## नए युग में प्रवेश कर चुकी है भारत की विदेश नीति : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आतंकवाद वाले विषय पर न सिर्फ सर्वसम्मति के साथ भारत के पक्ष का अनुमोदन हुआ बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और आतंकवाद के प्रायोजक को एक तराजू में नहीं रखा जा सकता है। आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक स्वीकार्यता प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित हुई।



भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. सुधांशु ने कहा कि प्रधानमंत्री की हालिया विदेश यात्रा के दौरान 4 देशों ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया और इसी के साथ प्रधानमंत्री को अब तक 27 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हो चुका है। वे 17 देशों की पार्लियामेंट को संबोधित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था हो चुका है और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। हमारे आर्थिक और सामरिक हित बहुत से महत्वपूर्ण मैटेरियल पर निर्भर हैं, जिसमें डायमंड, यूरेनियम, लिथियम, गोल्ड जैसे क्रिटिकल मैटेरियल शामिल हैं।

घाना और नामीबिया जैसे देश, जो इस प्रकार के तत्वों का प्राकृतिक रूप से बड़ा संग्रह रखने वाले देश हैं, उनके साथ भारत का एग्रीमेंट होना, भारत को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि क्रिटिकल रियर अर्थ मैटेरियल के लिए किसी एक देश पर निर्भर होने से मुक्ति भी दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले, भारत को ब्रिक्स में सबसे कमजोर देश माना जाता था। आज भारत ब्रिक्स में सबसे मजबूत देशों में से एक है।

हम विश्व के एकमात्र देश हैं, जो ब्रिक्स के भी सदस्य हैं और क्वाड के भी सदस्य हैं। यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। किसी जमाने में हम गुटनिरपेक्ष हुआ करते थे, आज हम समावेशिता की ओर बढ़ चुके हैं।

## भारतीय ज्ञान को दरकिनार कर पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य बताया गया: उप राष्ट्रपति धनखड़

नई दिल्ली, एजेंसी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को योजनाबद्ध ढंग से दरकिनार किए जाने तथा पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य के रूप में प्रस्तुत करने की आलोचना करते हुए कहा है कि यह मिटाने, नष्ट करने तथा विकृत करने की योजना के तहत किया गया और दुखद बात यह है कि आजादी के बाद भी यह सिलसिला चलता रहा।



श्री धनखड़ ने गुरूवार को यहां भारतीय ज्ञान प्रणाली पर पहले वार्षिक सम्मेलन में औपनिवेशिक मानसिकता से परे भारत की पहचान को पुनः स्थापित करते हुए कहा कि भारत केवल 20वीं सदी के मध्य में बना राजनीतिक राष्ट्र नहीं है, बल्कि यह चेतना, जिज्ञासा और ज्ञान की प्रवाहित नदी के रूप में एक सतत सभ्यता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय विचारों को केवल आदिम और पिछड़ेपन का प्रतीक मानकर खारिज करना केवल एक व्याख्यात्मक भूल नहीं थी। यह मिटाने, नष्ट करने और विकृत करने की योजना थी। इससे भी अधिक दुखद यह है कि स्वतंत्रता के बाद भी यह चलता रहा। उन्होंने कहा कि पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। साफ शब्दों में कहें तो असत्य को सत्य के रूप में सजाया गया। उन्होंने सवाल किया, जो हमारी बुनियादी प्राथमिकता होनी चाहिए थी, वह तो विचार के दायरे में भी नहीं थी। हम अपनी मूल मान्यताओं को कैसे भूल सकते हैं?

श्री धनखड़ ने कहा, भारत का वैश्विक शक्ति के रूप में उदय उसकी बौद्धिक और सांस्कृतिक गरिमा के उत्थान के साथ होना चाहिए। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसा उदय ही टिकाऊ होता है और हमारी परंपराओं के अनुकूल होता है। एक राष्ट्र की शक्ति उसकी सोच की मौलिकता, मूल्यों की सामयिकता और बौद्धिक परंपरा की दृढ़ता में निहित होती है। यही सॉफ्ट पावर (सांस्कृतिक प्रभाव) है जो दीर्घकालिक होता है और आज के विश्व में अत्यंत प्रभावशाली है।

भारत की बौद्धिक यात्रा में ऐतिहासिक व्यवधानों का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, इस्लामी आक्रमण ने भारतीय विद्या परंपरा में पहला व्यवधान डाला, जहां समावेशन की बजाय तिरस्कार और विध्वंस का मार्ग अपनाया गया। ब्रिटिश उपनिवेशवाद दूसरा व्यवधान लेकर आया जिसमें भारतीय ज्ञान प्रणाली को पंगु बना दिया गया, उसकी दिशा बदल दी गई। विद्या के केंद्रों का उद्देश्य बदल गया, दिशा भ्रमित हो गई। ऋषियों की भूमि बाबुओं की भूमि बन गई। ईस्ट इंडिया कंपनी को ब्राउन बाबू चाहिए थे जबकि राष्ट्र को विचारकों की जरूरत होती है।

उन्होंने कहा, हमने सोचना, चिंतन करना, लेखन और दर्शन छोड़ दिया। हमने रटना, दोहराना और निगलना शुरू कर दिया। ग्रेड्स (अंक) ने चिंतनशील सोच का स्थान ले लिया। भारतीय विद्या परंपरा और उससे जुड़े संस्थानों को सुनियोजित ढंग से नष्ट किया गया।

उपराष्ट्रपति ने भारत के विश्वविख्यात विश्वविद्यालयों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब यूरोप के विश्वविद्यालय अस्तित्व में नहीं थे, तब भारत के तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी और ओदंतपुरी ज्ञान के महान केंद्र थे। इनके विशाल पुस्तकालयों में हजारों पांडुलिपियाँ थीं। उन्होंने कहा कि इन वैश्विक विश्वविद्यालय में कोरिया, चीन, तिब्बत और फारस जैसे देशों से भी विद्यार्थी आते थे। ये ऐसे स्थल थे जहां विश्व की बुद्धिमत्ता भारत की आत्मा से आलिंगन करती थी।

श्री धनखड़ ने ज्ञान को व्यापक रूप में समझने का आह्वान करते हुए कहा, ज्ञान केवल ग्रंथों में नहीं होता यह समुदायों में, परंपराओं में, और पीढ़ियों से हस्तांतरित अनुभव में भी जीवित रहता है।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत, तमिल, पाली, प्राकृत आदि सभी शास्त्रीय भाषाओं के ग्रंथों के तत्काल डिजिटलीकरण की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सामग्री शोधकताओं और छात्रों के लिए सरलता से सुलभ होनी चाहिए।

## भारतीय नर्स को बचाने के लिए शीर्ष कोर्ट में याचिका





नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट यमन में एक भारतीय नर्स को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में केंद्र को राजनयिक माध्यमों का इस्तेमाल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

अदालत 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। नर्स निमिषा को हत्या के आरोप में 16 जुलाई फांसी दिए जाने की संभावना है। अधिवक्ता सुभाष चंद्रन के. आर. ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि मामले में जल्द से जल्द राजनयिक माध्यमों की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जे. बागची ने मामला 14 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। अधिवक्ता चंद्रन ने दलील दी कि शरिया कानून के तहत मृतक परिवार को दियात के माध्यम से ह्यक्षमादान पर विचार किया जा सकता है। दियात का मतलब उस आर्थिक मुआवजे से है, जो दोषी की ओर से पीड़ित परिवार को दिया जाता है। अधिवक्ता ने दलील दी कि अगर ह्यदियात का भुगतान किया जाता है, तो मृतक का परिवार केरल की नर्स को माफ कर सकता है। पीठ ने वकील से याचिका की प्रति अटॉर्नी जनरल को देने को कहा और उनकी सहायता मांगी। याचिका ह्यसेव निमिषा प्रिया -इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल नामक एक संगठन द्वारा दायर की गई है। केरल के पलक्कड़ जिले की 38 वर्षीय नर्स निमिषा प्रिया को 2017 में अपने यमनी बिजनेस पार्टनर की हत्या का दोषी ठहराया गया था। उन्हें 2020 में मौत की सजा सुनाई गई और 2023 में उनकी अंतिम अपील खारिज कर दी गई।

# एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा लुटेरे गैंग को दबोचा,कई कीमती सामान बरामद

**इंद्रेश कुमार पांडे**

**उत्तर प्रदेशः** मिजार्पुर सोमेन बर्मा एसएसपी द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे,अभियान में चोरी और लूट में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी कराये जाने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस व थाना को देहात की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांक 09.07.2025 को थाना को देहात, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को देहात क्षेत्रान्तर्गत छितपुर तिराहा-बरकछा खुर्द मार्ग बहदग्राम बरकछा के पास से 2 मोटरसाइकिल सवार कुल 5 नफर शातिर अभियुक्तों को पकड़ा।

1.पवन उर्फ छोटू कुमार पुत्र सिपाही लाल

2.सुनील बिन्द उर्फ पूसी पुत्र जयलाल बिन्द

3.मुर्शीद अली पुत्र मु.ईशा

4.अमरजीत उर्फ हैदर पुत्र बहादुर बिन्द

5.राजाबाबू उर्फ रामविलाश पुत्र जगदीश बिन्द को गिरफ्तार किया गया।



मौके से गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 1अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 2 अदद जिन्दा कारतूस, एक अदद वीवो कम्पनी की मोबाइल व 3 अदद चाकू बरामद किया गया तथा दोनों मोटरसाइकिलों के वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को देहात पर मु0अ0सं0-290/2025 धारा 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा.न्यायालय जेल भेजा जा रहा है।

**विवरण पूछताछ –**

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों का एक संगठित गैंग है। हम लोग अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी लूट/छिनैती जैसी घटनाओं को अंजाम देते है। जिससे प्राप्त धन,सामान को आपस में बांट लेते है। आज हम लोग पुनः कहीं सुनसान स्थान देखकर किसी घटना को अंजाम देने जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

**घटना नं.-1**

दिनांकः 4.07.2025 को थाना को देहात क्षेत्रान्तर्गत बरकछा कला बीएचयू साउथ कैम्पस के पास मैजिक सवार से बीज व कीटनाशक दवा, एक सैमसंग की मोबाइल एवं ? 45500/- नगद लूट की घटना, मु0अ0सं0-286/2025 धारा 309(2),317(2) बीएनएस थाना को0देहात जनपद मिजार्पुर।

विवरण बरामदगी– लूट की अवशेष धनराशि ? 1200/- नगद, अरहर का बीज 36 पैकेट 1 किग्रा, कीटनाशक दवा 20 बोतल,1 लीटर, धान का बीज 8 पैकेट,5 किग्रा, मूली का बीज 10 डिब्बा, लौकी का बीज 3 डिब्बा,100 ग्राम व एलएमएल सीड्स 1 पैकेट 250 ग्राम।

**घटना नं.-2**

दिनांकः 8.07.2025 को थाना को देहात क्षेत्रान्तर्गत छितपुर से मोटरसाइकिल लूट की घटना, मु0अ0सं0-288/2025 धारा 309(2) बीएनएस थाना को देहात जनपद मिजार्पुर।

विवरण बरामदगी–लूट की मोटरसाइकिल पैशन प्रो बिना नम्बर प्लेट

**घटना नं.3**

दिनांकः 8.06.2024 को थाना को देहात क्षेत्रान्तर्गत सिरसी बघेल व छितपुर के बीच में हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट व आंख चोरी हो जाने की घटना, मु0अ0सं0-258/2025 धारा 305,331 बीएनएस थाना को देहात जनपद मिजार्पुर।

विवरण बरामदगी– चोरी के सामान की बिक्री के उपरान्त अवशेष धनराशि ? 1600/

**घटना नं.4**

दिनांकः 25.06.2025 को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तुलसी साम्भवी पेट्रोल पम्प से नगदी, 2 मोबाइल व स्कूटी की चाभी चोरी करने की घटना, मु0अ0सं0-267/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना लालगंज जनपद मिजार्पुर।

विवरण बरामदगी– एक अदद वीवो मोबाइल।

**घटना नं. 5**

दिनांकः 2.07.2025 को थाना को कटरा क्षेत्रान्तर्गत इण्डियन बैंक इलाहाबाद जंगी रोड़ से एटीएम मशीन तोड़ने के प्रयास की घटना, मु0अ0सं0-192/2025 धारा 62 बीएनएस थाना को0कटरा जनपद मिजार्पुर।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण–**

1.पवन उर्फ छोटू कुमार पुत्र सिपाही लाल निवासी रानीबारी थाना को देहात जनपद मिजार्पुर, उम्र करीब-25 वर्ष

2.सुनील बिन्द उर्फ पूसी पुत्र जयलाल बिन्द निवासी इटवा थाना को देहात जनपद मिजार्पुर, उम्र करीब-20 वर्ष

3.मुर्शीद अली पुत्र मु.ईशा निवासी महुआरी कला थाना विन्ध्याचल जनपद मिजार्पुर,उम्र करीब-22 वर्ष

4.अमरजीत उर्फ हैदर पुत्र बहादुर बिन्द निवासी इटवा थाना को देहात जनपद मिजार्पुर, उम्र करीब-25 वर्ष

5.राजाबाबू उर्फ रामविलाश पुत्र जगदीश बिन्द निवासी इटवा थाना को देहात जनपद मिजार्पुर, उम्र करीब-24 वर्ष

**विवरण बरामदगी–**

एक अदद तमंचा 315 बोर मय 2 अदद जिंदा कारतूस(अभि0पवन उर्फ छोटू कुमार के पास से)

एक अदद वीवो कम्पनी की मोबाइल(अभि0सुनील बिन्द उर्फ पूसी के पास से)

एक अदद चाकू(अभि0मुर्शीद अली के पास से)

एक अदद चाकू मछलीनुमा(अभि0अमरजीत उर्फ हैदर के पास से)

एक अदद चाकू मछलीनुमा(अभि0राजाबाबू उर्फ रामविलाश के पास से)

**पंजीकृत अभियोग–**

मु0अ0सं0-290/2025 धारा 3/4/25 आयुध अधिनियम थाना को0देहात जनपद मिजार्पुर।

आपराधिक इतिहास –

अभियुक्त अमरजीत बिन्द उर्फ हैदर उपरोक्त-

1.मु0अ0सं0-190/2019 धारा 379/411 भादवि थाना को देहात जनपद मिजार्पुर

2.मु0अ0सं0-306/2019 धारा 41/411 भादवि थाना को देहात जनपद मिजार्पुर

3.मु0अ0सं0-272/2020 धारा 379/411 भादवि थाना को देहात जनपद मिजार्पुर

4.मु0अ0सं0-50/2022 धारा 323,504,506 भादवि,3(1)(द)(ध) व 3(2)५एससी/एसटी एक्ट थाना को0देहात जनपद मिजार्पुर

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय –

छितपुर मोड़ बहदग्राम बरकछा के पास से, दिनांकः09.07.20

## एक नजर

### माता श्री शिक्षा संस्थान श्रीचन्दपूरा विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया



**राजेंद्र कुमार मीणा/राजस्थानः** दिनांक 10.7.2025 को माता श्री शिक्षा संस्थान श्रीचंदपुरा विद्यालय के परिसर में विद्यालय परिवार ने 11 पौधे लगाकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय निदेशक कृष्ण अवतार शर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय के द्वारा हर वर्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिससे हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सैकड़ो पेड़ लगाए जाते हैं। इसमें हम प्रत्येक छात्र को हर पेड़ की देखभाल के लिए प्रेरित करते हैं। इस वर्ष भी हमने लगभग 100 पेड़ों को लगाने का संकल्प लिया है। जिसकी शुरूआत विद्यालय परिसर में 11 पेड़ लगाकर की है। इस कार्यक्रम में माता श्री शिक्षण संस्थान के प्रधानाध्यापक रामजीवन प्रसाद,शिक्षक पवन कुमार शर्मा, उर्वशी कटनावल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला देवी, विद्यालय निदेशक कृष्ण अवतार शर्मा व समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मड़ावरा थाने में फंसा ट्रक 24 घंटे बाद निकाला गया, जेसीबी और क्रेन की मदद से चला रेस्क्यू ऑपरेशन



**प्रवीण कुमार जैन/उत्तर प्रदेशः** बुधवार शाम को मड़ावरा कस्बे में एक टैक्सी को ट्रक ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ट्रक में फिटकरी लदी हुई थी। घटना की सूचना मिलने पर 100 नंबर डायल कर पुलिस को जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस ट्रक को थाने लेकर आई। थाने के अंदर जाते वक्त ट्रक गेट पर ही फंस गया और वहीं अटक गया। इस दौरान ट्रक को निकालने के लिए कई प्रयास किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली। ट्रक बुधवार शाम से ही थाने में फंसा रहा, जिससे थाने के बाहर लोगों की भारी भीड़ भी जुट गई।


आखिरकार गुरुवार देर शाम जेसीबी और एक बड़ी क्रेन मशीन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया और काफी मशक्कत के बाद ट्रक को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों के अनुसार थाने के गेट की ऊँचाई और मोड़ की वजह से ट्रक को मोड़ने में दिक्कत हुई, जिसके कारण वह अटक गया। घटना को लेकर पूरे इलाके में चर्चा बनी रही।

### सहारनपुर श्रावण मास में कांवड यात्रा सफलतापूर्वक संपूर्ण कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक ने की शांतिपूर्ण बैठक



**घनश्याम दास/उत्तर प्रदेशः** सहारनपुर दिनांक 10.07.2025 दिन बृहस्पतिवार दोपहर को पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक यातायात, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नगर व अन्य पुलिस अधिकारीगण कर्मचारीगण के साथ रिजर्व पुलिस लाईन, सहारनपुर में आंगुतक टीन शेड में श्रावण मास काँवड़ यात्रा 2025 को शांतिपूर्ण माहौल व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत कांवड़ यात्रा-2025 की ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारीगण कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर संबंधित को आवश्क दिशा निर्देश दिए। रिजर्व पुलिस लाइन में हुई बैठक सभी के लिए होगी लाभान्वित।

### पूर्वी करीमुल्ला पंचायत में नीलम खातून बनीं नई सरपंच, 2647 मतों के साथ शानदार जीत



**एमडी फिरोज आलम/बिहारः** कटिहार जिले के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत पूर्वी करीमुल्ला पंचायत में हुए सरपंच पद के चुनाव का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस चुनाव में नीलम खातून ने कुल 2647 मत प्राप्त कर सरपंच पद पर विजय हासिल की। परिणाम की घोषणा होते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। समर्थकों और ग्रामीणों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाइयां दीं और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया। गांव की गलियों में ढोल-नगाड़े बजे और नारेबाजी के साथ जीत का जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने नीलम खातून की जीत को जनता के विश्वास की जीत बताया और कहा कि वे क्षेत्र के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देंगी। लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, साफ-सफाई, पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

पूरे चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति और अनुशासन बना रहा। मतदान से लेकर मतगणना तक प्रशासन की कड़ी निगरानी रही, जिससे कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई। ग्रामीणों ने नीलम खातून को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे पंचायत की एकजुटता और बदलाव की भावना की जीत है।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव फतेपुरा गांव में धूमधाम से संपन्न



**पुरोहित ओम प्रकाश**

**गुजरातः** गुजरात में सिद्धेश्वर हनुमान अमिधारा आश्रम, फतेपुरा गांव, बोरसद तालुका में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर फतेपुरा गांव स्थित सिद्धेश्वर हनुमान अमिधारा आश्रम में भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर हरिहर बापू के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा हरिचंद्रबापू की पावन उपस्थिति से और भी बढ़ गई। पूरे वातावरण में भक्तिभाव, गुरुभक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। भक्तों ने पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। यह नजारा काफी सुंदर था। लोगों में भक्ति-भाव साफ नजर आ रहा था। आप सबको गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।

## वृक्षों से जीवन वृक्षारोपण अभियान का आयोजन डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में बड़े हर्षोल्लास से मनाया

**घनश्याम दास**

**उत्तर प्रदेशः** सम्भल बबराला में 8 जुलाई 2025ः उत्तर प्रदेश शासन एवं वन विभाग द्वारा संचालित वृक्षारोपण अभियान 2025 के अंतर्गत डी ए वी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में एक प्रेरणादायक हरित कार्यक्रम का आयोजन यारा फर्टिलाइजर के परिसर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत के निर्देशन में किया गया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से इस अभियान को एक मिशन बताया।

इस अवसर पर कुल 20 पौधे लगाए गए, जिनमें गुटेल,करंज,अर्जुन,अशोक,जामुन और आँवला जैसी औषधीय एवं फलदार प्रजातियाँ सम्मिलित रहीं। पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड, और सिंचाई हेतु पाइपलाइन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



विद्यालय द्वारा यह वृक्षारोपण ह्लएकता वनह्न श्रेणी के अंतर्गत हरितिमा ऐप पर जियो-टैगिंग सहित दर्ज किया गया। कार्यक्रम की विशेषता रही कि इसमें विद्यालय के ठउउ कैडेट्स ने अनुशासित दल के रूप में भाग लिया, और अपने हाथों से पौधे लगाकर ह्लएक भारत, हरित भारतह्न का संदेश दिया। उन्होंने पौधों की सुरक्षा व नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

यह कार्यक्रम विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइजर कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम एस प्रसाद जी के मार्गदर्शन एवं यारा फर्टिलाइजर प्रबंधन समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। इस आयोजन में यारा फर्टिलाइजर के हार्टीकल्चर विभाग से अभिषेक सिंह, हरित पाण्डेय तथा सुदेश जी भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को वृक्षों के वैज्ञानिक महत्व एवं पोषण तकनीकों की जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य सारस्वत ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा ही नहीं, बल्कि जीवन का अमूल्य आधार हैं। छात्रों को प्रकृति से जोड़ना हमारी साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने पौधों के संरक्षण हेतु सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

## आपस की जमीनी विवाद में खेला गया खूनी खेल, एक युवक की मौत

**अमर प्रकाश**

**उत्तर प्रदेशः** गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गजारी गांव में बृहस्पतिवार को उसे वक्त सनसनी फैल गई जब दिनदहाड़े एक युवक को पाटीदारों ने आपसी विवाद में निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अनिल यादव के रूप में हुई जिसे धाराधार हथियार से कटकर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। स्थानीय सूत्रों के



मुताबिक पाटीदारों के साथ पूर्ण जमीनी विवाद चल रहा था इसी विवाद दे ने गुरुवार को हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि सोहन यादव और मोहन यादव नाम की दो पाटीदारों ने अचानक अनिल पर हमला कर दिया और धाराधार हथियार से ताबड़तोड़ वार करते हुए उसकी हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। एसपी से बात करने पर बताएं कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई किया जाएगा ?

## अब सरकार उठाएगी धार्मिक मेलों में अधिक श्रद्धालु आने पर खर्च

**अश्विनी कुमार त्रिपाठी/उत्तर प्रदेशः** न्यूनतम 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने पर यूपी सरकार उठाएगी खर्च,प्रमुख सचिव नगर विकास ने जारी की एसओपी,प्रत्येक जिले में डीएम के अध्यक्षता में होगा मेला समिति का गठन,5 से 10 लाख श्रद्धालु आने पर 25 से 50 लाख रुपए सरकार करेगी खर्च,10 से 20 लाख श्रद्धालु आने पर 50 से 75 लाख सरकार करेगी खर्च, 20 से 40 लाख श्रद्धालु आने पर 75 लाख से 1 करोड़ तक सरकार करेगी खर्च,40 से 60 लाख तक श्रद्धालु आने पर एक करोड़ से सवा करोड़ तक सरकार करेगी खर्च,60 लाख से अधिक श्रद्धालु आने पर सवा करोड़ से डेढ़ करोड़ तक की राशि देगी सरकार,कुंभ, माघ, रामनवमी, कैलाश मेला यूपी के प्रमुख मेले,देव दीपावली, श्रावणी मेला,नौतनवा प्रमुख मेलों में शामिल,खिचड़ी मेला, गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर, देवीपाटन मेला, हाथी पूजा मेला प्रमुख मेले।

## गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य मे आचार्य श्री शांतनु जी महाराज ने सुनाया केवट प्रसंग

**ओम प्रकाश त्रिपाठी**

**उत्तर प्रदेशः** पावन परम गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य मे श्री गुरु गोरखनाथ मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय भव्य श्री राम कथा के छठे दिन आज कथा व्यास आचार्य श्री शांतनु जी महाराज ने केवट प्रसंग भारद्वाज ऋषि से मिलने महर्षि वाल्मीकि का उपदेश व चित्रकूट वर्णन की कथा सुनाई। इस खास अवसर पर गुरु गोरक्षपीठाधीश्वर महंत श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज सद्गुरु संतोष दास संतुका बाबा तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह जी ने व्यास पीठ की आरती करी। कथा व्यास ने कहा कि इस दुनिया में सरल होना सबसे कठिन और सरल कब होंगे जब मन कर्म और वचन से चतुराई छोड़



देंगे, जब तक बुद्धि में चतुराई रहती है तब तक भगवान का प्रवेश नहीं होता भगवान को सरल लोकप्रिय होते हैं केवट भी स्वभाव से अत्यंत सरल हैं, इसलिए भगवान का वह अत्यंत प्रिय है जो भक्त केवट की तरह सरल होते हैं।

उनके हृदय रूपी नौका में भगवान दिवस होकर निवास करते हैं सारी दुनिया को देने वाले प्रभु केवट से एक नाव के लिए याचना करते हैं वह चाहते तो पैदल पार कर सकते थे। मयार्दा का इससे अच्छा उदाहरण दूसरा कोई नहीं होगा, जिन चरणों को पाने के लिए त्रिलोक लालायित रहता है, कथा व्यास ने कहा कि भक्त सदेव धर्म को आगे रखकर होनी चाहिए ऐसी भक्ति से बचें जो सनातन धर्म का सिर झुका दे, कथा व्यास ने कहा कि प्रभु श्री राम भारद्वाज ऋषि के आश्रम पहुंचते हैं तो उनके मार्ग पूछते रहते हैं यह श्री राम की मयार्दा है जिसमें वह समाज के सामने गुरु को मार्गदर्शन के रूप में प्रस्तुत करते हैं कथा व्यास ने कहा कि हम सदैव चार बातों का अवश्य ध्यान रखना चाहिए मैं कौन हूं मैं क्या कर रहा हूं मुझे क्या करना चाहिए मेरा क्या योजन है उनका ज्ञान कराने वाले गुरु ही होता है गुरु बताता है कि हमें अपने जीवन में क्या क्या कामना है क्या साथ लेकर जाना है धन पशु पत्नी लोग शेयर यह सब यह छूट जाएंगे साथ जाएगा तो केवल हमारा कर्म इसलिए हमें अपने कर्मों पर विचार करना चाहिए जय श्री राम जय श्री गुरु गोरखनाथ।

# जनपद ललितपुर में वृक्षारोपण महाअभियान में एक दिन में लगेंगे 37 करोड़ पौधे

**प्रवीण कुमार जैन**

**उत्तर प्रदेश:** ललितपुर "एक पेड़ माँ के नाम । 2.0 वृक्षारोपण महाअभियान-2025 एवं प्रदेश में 37 करोड़ पौध का रोपण एक ही दिन में करने के अन्तर्गत। जनपद ललितपुर के मड़ावरा रेंज के अन्तर्गत भीकमपुर वन ब्लाक में मनोहर लाल पंथ, राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन उ०प्र० द्वारा बरगद का पौध रोपड़ कर वृक्षारोपण के अभियान का शुभारंभ किया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य श्रम एवं रोजगार मंत्री मनोहर लाल पंथ ने सभी को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए प्रकृति के प्रहरी के रूप में सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का भावपूर्ण आह्वान किया ' उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल सरकार या कोई संस्था का नहीं है, अब समय है कि हम सभी मिलकर जनपद को सबसे स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा बनाएं' मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने कहा जिस प्रकार हमारी माताएं हमें



संस्कार और सुरक्षा देती हैं, उसी प्रकार धरती माँ भी हमारा पालन करती है ' एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाकर प्रकृति को समर्पित करना सबसे बड़ा पुण्य है ' प्रभागीय निदेशक गौतम सिंह ने कहा कि यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया था ' इस पहल की शुरूआत मिट्टी के कटाव और बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने के लिए की गई थी और अब यह हरित क्रांति का प्रतीक बन गया है। इस अवसर पर गौतम सिंह प्रभागीय निदेशक ललितपुर द्वारा जामुन, शेषनाथ चौहान मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर द्वारा आंवला, मुख्य चिकित्साधिकारी ललितपुर इम्तियाज अहमद द्वारा कटहल, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह द्वारा पाकड़, शैलेन्द्र चौधरी उप जिलाधिकारी मड़ावरा द्वारा अमरूद, रमेश यादव खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा द्वारा आम, चन्ददीप रावत ब्लाक प्रमुख मड़ावरा, ग्राम प्रधान गिदवाहा एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा भी पौधे रोपण किया गए हैं' पी.एन. इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं संतोष परिहार की टीम द्वारा जन जागरूकता के लिए प्रस्तुतियां दी गईं '

इसके बाद राज्यमंत्री द्वारा मडावरा रेंज के अन्तर्गत लडारी वन ब्लाक में स्थित रामजानकी मन्दिर पर आम का पौध रोपण किया गया ' उपस्थित अतिथियों में चन्ददीप रावत, ब्लाक प्रमुख मड़ावरा द्वारा अमरूद, अतिरंजन जिला विकास अधिकारी द्वारा पाकड़ पौध रोपड़ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी मड़ावरा अशोक यादव, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे, वन दरोगा महेंद्र रजक, श्रीपत रजक आदि मौजूद रहे '

रामरतन कुशवाहा, सदर विधायक ललितपुर द्वारा माताटीला में पौध रोपड़ कर वृक्षारोपण के अभियान का शुभारंभ किया। सदर विधायक ललितपुर द्वारा माताटीला रेंज के अन्तर्गत वनगुवां वन ब्लाक में भी पौध रोपण किया गया इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि हर वर्ग की सहभागिता से ही हम बड़ा बदलाव ला सकेंगे ' हम अकेले इस काम को नहीं कर सकते हमें आप सब के सहयोग की जरूरत है यदि हमें अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना है, तो बहुत जरूरी है कि हम एक पेड़ लगाए और आगे आने वाली पीढियां के लिए एक नया पाठ सिखाएं अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी माताटीला रमेश कुमार पनोरिया, क्षेत्रीय वनाधिकारी तालबेहट प्रभु दयाल यादव।

## एएनसी स्टाफ ने 6.510 ग्राम हेरोइन तस्करी करने वाले को किया गिरफ्तार

**महिपाल सिंह**

**हरियाणा:** एएनसी स्टाफ डबवाली ने 6.510 ग्राम हेरोइन तस्करी के मामले में असल सप्लायर को किया काबू डबवाली 05 जुलाई । डबवाली पुलिस द्वारा नशा तस्करी में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान एएनसी स्टाफ डबवाली ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में असल तस्कर लखवीर सिंह उर्फ लखा उर्फ सतबीर पुत्र रेला राम निवासी अलीकां को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। इस संबंध में प्रभारी एएनसी स्टाफ डबवाली उप नि. सूबे सिंह ने बताया कि दिनांक 24.06.2025 को उनकी टीम ने आरोपी जसविन्द्र शर्मा पुत्र कुलवंत राय शर्मा निवासी चौहान नगर मंडी डबवाली को 06.510 ग्राम हेरोइन चिट्टा सहित काबू कर जेल भेजा था। पकड़े गये आरोपी लखबीर उर्फ लक्खा द्वारा ही आरोपी जसविन्द्र शर्मा को हेरोइन (चिट्टा) बेचा गया था। आरोपी लखबीर सिंह उर्फ लखा को अदालत में पेश किया जाएगा।

## मनचले हवलदार के कहने पर पत्नी ने किया पति को बाहर, 17 वर्ष से करती है प्रेम

**राधेश्याम गुर्जर**

**मध्य प्रदेश:** मध्यप्रदेश के बहु चर्चित व्यापारिक जिले में 424 गोयल बिहार कालोनी में रहने वाली महिला एसबीआई बैंक प्रबंधक को एक हवलदार से इस कदर प्रेम हुआ कि अपने पति को ही घर से बहार निकाल दिया। बता दे की महिला के विवाह को 17 बर्ष हो गए है, लेकिन सूत्रों की कहे तो महिला का प्रेम प्रसंग विवाह के पहले का बताया जा रहा है पति का कहना है कि यदि पत्नी को ऐसा करना ही था तो फिर



उससे शादी क्यों की गई। आज महिला बैंक प्रबंधक हवलदार के प्यार में इस कदर चूर हे कि अपने 16 साल के बेटे और 10 साल की बेटी को भी नहीं देख पा रही है ओर ना ही बच्चे पति को दे रही है। बच्ची ने अपने पिता को फोन पर बताया कि हवलदार रोज घर आता है और कभी मम्मी के पास सोता है तो कभी मेरे पास सोता है यह सुनकर पति ने क्षेत्रीय थाने में शिकायत करनी चाही, लेकिन पुलिस ने डिपार्टमेंट का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया। आलाधिकारियों को भी पत्राचार द्वारा शिकायत भेजी गई लेकिन कही कोई सुनवाई नहीं हुई। मनचले हवलदार ने पुलिस में होने का क्या खूब फायदा उठाया वही आलाधिकारी की चुप्पी मध्य प्रदेश के इस बड़े जिले की कानून व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है।

फरियादी पिता को चक्कर काटते 7 माह से ज्यादा हो चुका है लेकिन आशा की कोई किरण नजर नहीं आ रही है। मामूली हवलदार की अधिकारियों में तूती बोलने का कारण पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

## सहारनपुर भारतीय किसान यूनियन तोमर में शामिल हुए शाहनवाज बने नकुड तहसील महासचिव



**घनश्याम दास**

**उत्तर प्रदेश:** भारतीय किसान यूनियन तोमर के युवा जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी की आए दिन बढ़ती लोकप्रियता के कारण संगठन का कुनबा लगातार बढ़ रहा है सोमवार को नागल कस्बे के रेलवे रोड स्थित भारतीय किसान यूनियन तोमर के जिला कार्यालय पर देर शाम तक चली एक बैठक के उपरांत जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने संगठन का विस्तार करते हुए सहारनपुर निवासी शाहनवाज को नकुड तहसील का युवा महासचिव घोषित किया। नवनियुक्त युवा तहसील महासचिव शाहनवाज ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि वह सच्ची निष्ठा से संगठन में रहकर कार्य करेंगे। वहीं जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने कहा कि आज उनका संगठन किसान,व्यापारी,मजदूर हितों की रक्षा करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने को लेकर संगठन की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है जिससे प्रभावित होकर किसान, मजदूर, व्यापारी अन्य संगठनों को छोड़कर संगठन की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। वहीं जिला मंत्री शाहरून ने कहा कि वह किसी भी सूरत में किसी भी वर्ग का उत्पीडन बिल्कुल भी सहन नहीं करेगे। भाकियू तोमर संगठन हमेशा किसान,मजदूर,व्यापारी के साथ हमेशा खड़ा है।

इस दौरान जिला मंत्री शाहरून ,तहसील अध्यक्ष रामपुर मुजीबुर्रहमान, तहसील महामंत्री अनस, साजिद, मोबीन, कामना, शोएब, आफताब व आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कावड़ के लिए 35 श्रद्धालुओं का जत्था हरिद्वार के लिए हुआ रवाना, 22 जुलाई को वापस पहुंचेगा कालांवाली



**महिपाल सिंह**

**हरियाणा:** श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ कालांवाली की तरफ से श्री शिव भक्तों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। हरिद्वार रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और शहरवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में समाजसेवी बिल्ला कबाड़िया, पार्षद प्रतिनिधि राकेश कुमार, गोबिंद शर्मा ने विशेष तौर पर शिरकत की। इसके तत्पश्चात शिवभक्तों के जत्थे को शहरवासियों ने दादू रोड, खुह वाला बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, वाटर वर्क्स रोड, खोखा मार्केट इत्यादि तक जय शिव शंकर, बम-बम भोले के नारों के साथ रवानगी दी।

शिवभक्त राजकुमार यादव, विमल कुमार, वीरू, मांगे राम, जसबीर ने बताया कि हरिद्वार से कावड़ लाने के लिए करीब 35 शिवभक्तों का जत्था कावड़ लाने के लिए रवाना हुआ है। वो हरिद्वार से कावड़ लेकर 22 जुलाई को कालांवाली पहुंचेंगे और शिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव शंकर के शिवलिंग पर कावड़ चढ़ाएंगे। जिनका कालांवाली में पहुंचने पर शहरवासियों और मंदिर कमेटी के द्वारा भव्य तरीके से स्वागत किया जाएगा।

## राऊता गाँव में 10 परिवारों को अब तक नहीं मिली बिजली

**लाला राम**

**राजस्थान:** जालोर जिले के बागोड़ा उपखंड के राऊता गाँव में 10 गरीब परिवार आज भी अंधेरे में ज़िंदगी गुजारने को मजबूर हैं। बच्चे दीये की रोशनी में पढ़ने को मजबूर हैं, बुजुर्ग-बीमार गर्मी में तड़प रहे हैं, और गर्भवती महिलाएं तक बिना बिजली के दिन काट रही हैं। लोगों का गर्मी से बुरा हाल हैं। राऊता गाँव में उन 10 परिवारों को बीना लाइट के रहना पड़ता है। गर्मी के कारण बच्चे से लेकर बुजुर्ग सब परेशान हैं। छोटे बच्चों को पढ़ने में परेशानी होती हैं, जहां लोगों से कुलर के बिना नहीं रहा जाता हैं। वहां ये 10 परिवार बीना



लाइट के अपना जीवन बिता रहे हैं। इन 10 परिवारों को हर रोज गर्मी सहन करनी पड़ती हैं। सरकार के लाख दावों के बावजूद बिजली विभाग की लापरवाही और अफसरों की उदासीनता के चलते इन परिवारों को आज तक बिजली नहीं मिली है। इन 10 परिवार अब तक कई बार शिकाय कर चुके हैं। कई बार फॉर्म भर चुके हैं। लेकिन आज तक इन परिवारों के घरों में तार तक नहीं पहुंची हैं।

क्या इन गरीबों को रोशनी कभी नसीब होगी?

## वडोदरा में क्षत्रिय समुदाय के नेताओं ने कलेक्टर को दी धमकी

**राजपूत रणजीत**

**गुजरात:** पी.टी. जडेजा की गिरफ्तारी की गूंज से अहमदाबाद-वडोदरा में क्षत्रिय समुदाय के नेताओं ने कलेक्टर को एक प्रार्थना पत्र भेजकर धमकी दी है कि अगर उन्हें रिहा नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन शुरू करेंगे। पी.टी. जडेजा की गिरफ्तारी के बाद से ही लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया है। अहमदाबाद-वडोदरा में गूंज क्षत्रिय समाज के नेताओं ने कलेक्टर को भेजी याचिका, रिहाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की धमकी दी जा रही हैं। अखिल गुजरात राजपूत युवा संघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पी. टी. जाडेजा को एक सामान्य



मामले में इसी धारा के तहत गिरफ्तार किया गया है, जिसके संबंध में क्षत्रिय समाज ने आज अहमदाबाद और वडोदरा कलेक्टरेट में एक याचिका प्रस्तुत की है। क्षत्रिय समाज के भाई-बहनों ने कलेक्टर से मुलाकात की और एक याचिका प्रस्तुत की जिसमें मांग की गई कि पी. टी. जाडेजा के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। उन्हें गलत तरीके से परेशान किया गया है। उनके खिलाफ झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं, अगर उन्हें जल्द ही रिहा नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## आरटीआई कार्यकर्ता श्री. सुभाष बसवेकर साहब ने की प्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंट

देवेंद्र बद्रीलाल यादव

महाराष्ट्र: आरटीआई कार्यकर्ता महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष ने पनवेल कार्यालय में की शिष्टाचार भेंट। रविवार, 06 जुलाई 2025 आरटीआई कार्यकर्ता महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष माननीय श्री. सुभाष बसवेकर साहब ने पनवेल स्थित अपने कार्यालय में वसई-विरार शहर के प्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान वसई-विरार शहर जिले में नए शामिल हुए सदस्यों का परिचय भी कराया गया। बसवेकर




साहब ने आरटीआई अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, इसकी बाधाओं और समाधान पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, "राज्य भर में कार्यकताओं के संगठन को और मजबूत करने के लिए अगले दो महीनों में एक राज्यव्यापी सभा का आयोजन किया जाएगा।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सूचना आयोग की लंबित सुनवाई, नागरिकों को समय पर सूचना न मिलना और आयोग के कामकाज में कमियों को लेकर भविष्य में बड़े आंदोलन की जरूरत पड़ सकती है।

इस दौरान बसवेकर साहब ने उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता को यशदा संस्था द्वारा प्रकाशित आरटीआई अधिनियम पर दो पुस्तकें भेंट कीं। इनमें से एक पॉकेट डायरी के रूप में है और उन्होंने बताया कि यह कार्य क्षेत्र में बहुत उपयोगी है। इस अवसर पर अधिवक्ता अभिषेक बसवेकर को बार परीक्षा में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने और वकील का पद स्वीकार करने पर गुलदस्ता और पुस्तक देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वसई-विरार शहर जिला अध्यक्ष श्री महेश कदम, उपाध्यक्ष-नितिन राणे, प्रदीप नार, पालघर जिला जनसंपर्क प्रमुख अनंत पाटिल, साथ ही शहर पदाधिकारी विश्वंभर माधव, अंबालाल कुंभार, मंगेश कनेरकर और अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### अयोध्या में खोला गया नया आईसीआईसीआई बैंक, चंपत राय ने किया शुभारंभ



**अश्विनी कुमार त्रिपाठी/उत्तर प्रदेश:** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला, रामघाट अयोध्या में आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम का शुभारंभ किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर बैंक के सिटी बिजनेस हेड पुनीत गोयल, क्षेत्रीय प्रबंधक आयुष गौतम, क्षेत्रीय प्रबंधक पीयूष सिंह तथा अयोध्या शाखा के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारी, साथ ही स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। यह एटीएम सुविधा अयोध्या में स्थानीय जनता एवं श्रद्धालुओं के लिए 24७7 उपलब्ध रहेगी, जिससे नकद निकासी, बैलेंस जांच सहित अन्य बैंकिंग सेवाएं सुलभ होंगी। आईसीआईसीआई बैंक का यह प्रयास डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने तथा ग्राहकों को बेहतर सेवा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### गुजरात के ऐठोर में 25 साल से नहीं बनी सड़के, खेतों से आने को मजबूर हैं शिक्षक



**राजपूत रणजीत/गुजरात:** खेतों से आने को मजबूर शिक्षक, 108 के अभाव में रास्ते में महिला का प्रसव, ऐठोर के उपनगरों की कड़वी हकीकत स्कूल बने 25 साल हो गए पर सड़क अब तक नहीं बनी: खेतों से आने को मजबूर हैं शिक्षक, 108 न होने से सड़क पर ही हुई महिला की डिलीवरी, ऐठोर के उपनगरों की यह कड़वी हकीकत है। उत्तर गुजरात का केंद्र मेहसाणा है और मेहसाणा में विकसित कहलाने वाला गाँव ऐठोर है। डाबी सुधवाला गणपति दादा के मंदिर के लिए मशहूर इस गाँव में सभी बुनियादी सुविधाएँ मौजूद हैं, लेकिन गाँव से चार किलोमीटर दूर विजलिया उपनगरीय इलाके की हकीकत बिल्कुल अलग है। यहाँ बाकी सुविधाएँ तो ठीक हैं, लेकिन यहाँ पहुँचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। पक्की सड़क तो दूर, जो कच्ची सड़क है, उसकी हालत इतनी खराब है कि स्थानीय लोगों को उपनगर आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### वायु गुणवत्ता आयोग की हुई बैठक, 1 नवंबर से पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं मिलेगा



**राजपूत रणजीत/गुजरात:** 1 नवंबर से पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं मिलेगा। दिल्ली में एंड-ऑफ-लाइफ (एडछ) या ओवरएज वाहनों पर फ्यूल प्रतिबंध कर दिया गया है। 1 नवंबर तक स्थगित कर दिया गया है। वायु गुणवत्ता आयोग (उअदट) की मंगलवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। जो डीजल गाड़ियां 10 साल से पुरानी और पेट्रोल गाड़ियां 15 साल से पुरानी होती हैं उन्हें एडछ वाहन कहा जाता है। दिल्ली समेत 5 शहरों में लागू होगा यह नियम, पहले 1 जुलाई से लगनी थी रोक, जिसका फैसला मार्च में हुआ था नए नियम का ऐलानपुराने वाहनों को 1 नवंबर से ईंधन नहीं दिया जाएगा। दिल्ली समेत 5 शहरों में लागू किया गया यह नियम पहले 1 जुलाई से लगनी थी रोक। दिल्ली में जीवन-काल (ईओएल) या उससे अधिक आयु के वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध 1 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय मंगलवार को वायु गुणवत्ता आयोग (सीएक्यूएम) की बैठक में लिया गया है।

### अंजली गांव का रास्ता जर्जर, डेढ़ घंटे का ट्रैफिकजाम, छात्र व आम लोग परेशान



**खत्री रफाकत इदरीशभाई**

**गुजरात:** छोटा उदेपुर जिले के बोडेली तहसील के पास स्थित अंजली गांव का मुख्य मार्ग बेहद खराब हालत में होने के कारण मंगलवार को सड़क पर भारी ट्रैफिकजाम की स्थिति बन गई। गहरे गड्ढों और जलभराव के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई, जिससे करीब डेढ़ घंटे तक मार्ग पूरी तरह से जाम रहा।

इस ट्रैफिकजाम का सबसे ज्यादा असर स्कूल और कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और आम ग्रामीणों पर पड़ा। कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए और परेशान होते नजर आए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग की हालत काफी समय से खराब है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गांववासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे चक्काजाम या आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## सम्पादकीय

# ई-कॉमर्स के जरिए आतंकवाद

आतंकवाद पर एक सनसनीखेज खुलासा सामने आया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) की एक रपट में यह चौंकाने वाला आयाम बेनकाब हुआ है कि अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन, सोशल मीडिया के जरिए आतंकवाद की फंडिंग की जाती रही है। आतंकियों ने अमेजन प्लेटफॉर्म के जरिए ऐसा विस्फोटक हासिल किया, जिसने पुलवामा, 2019 के आतंकी हमले को और भी तीक्ष्ण बना दिया। नतीजतन सीआरपीएफ के 40 जवान 'शहीद' हुए थे। यह हमला पाकिस्तान स्थित 'जैश-ए-मुहम्मद' के आतंकियों ने किया था, यह निष्कर्ष विभिन्न जांच-रपटों के जरिए सार्वजनिक हो चुका है। फाट्फ की रपट में यह भी सामने आया है कि पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए यह कहा गया है कि 'किसी की आर्थिक मदद के बिना' यह हमला संभव नहीं था। यह हमला 'लश्कर-ए-तैयबा' के मुखौटा संगठन 'टीआरएफ' के आतंकियों ने किया था। यह वैश्विक तथ्य है कि लश्कर और उसका सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान में ही है। फाट्फ ने यह भी दावा किया है कि 2022 में उप्र के गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेमेंट 'पेपाल' ऐप से किया गया था। फाट्फ ने इन दोनों हमलों को रपट में एक उदाहरण के तौर पर शामिल किया है। जब यह हकीकत बेनकाब हो चुकी है कि ई-कॉमर्स, ऐप, सोशल मीडिया के जरिए जिन आतंकी समूहों ने आर्थिक मदद प्राप्त की थी और वे पाकिस्तान में ही सक्रिय हैं, तो फाट्फ ने रपट में पाकिस्तान का नाम क्यों नहीं लिया? फाट्फ पहले भी 2-3 बार पाकिस्तान को 'ग्रे सूची' में डाल चुका है। अब भारत लगातार यह आग्रह कर रहा है कि पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता है, बल्कि फंडिंग के लिए हुकूमत की एजेंसियां भी आतंकियों की मदद करती रही हैं, तो फाट्फ पाकिस्तान की जांच कर उसे 'ग्रे सूची' में डालने से क्यों हिचक रहा है? 'ग्रे सूची' के बजाय अब पाकिस्तान को ह्यकाली सूची' में डाल दिया जाना चाहिए। फाट्फ को भारत ने और अन्य देशों ने पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं। पाकिस्तान में आतंकवाद 'खुला खेल' है।

वहां के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो लगातार बयान दे रहे हैं कि यदि भारत सहयोग करे, तो पाकिस्तान मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकियों को भारत को सौंप सकता है। बिलावल सत्तारूढ़ गठबंधन के चेयरमैन हैं। फाट्फ इसे भी आधार बना कर कार्रवाई कर सकता है। रपट में यह भी गौरतलब है कि अमेजन का इस्तेमाल न केवल सामान खरीदने, बल्कि बेचने के लिए भी किया जा रहा है। आतंकी कम कीमत वाले सामान बेचकर और 'दान' मांग कर फंड जुटा रहे हैं। 'ट्रेड बेस्ड मनी लॉन्ड्रिंग स्कीम' के तहत एक व्यक्ति सामान खरीद कर अपने साथी को भेजता है, जो उसे दूसरे देश में बेच कर पैसे जुटाता है। फाट्फ ने अपने अध्ययन में पाया है कि आतंकी ऐसे प्लेटफॉर्म और ओपन मार्केट प्लेस से हथियार, रसायन और थ्रीडी प्रिंटिंग सामग्री खरीद रहे हैं। आतंकवाद इतना अहम सरोकार है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' के दौरान उठाया और 'साझा बयान' में इसे शामिल कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में क्रोएशिया, घाना, त्रिनिडाड एंड टोबैगो, अर्जेन्टीना, ब्राजील के प्रवासों के दौरान आतंकवाद पर विश्व-मत तैयार करने की कोशिश की। 'ब्रिक्स' ने पहलगाम नरसंहार पर 'निंदा प्रस्ताव' भी पारित किया। अब यह 'ब्रिक्स' देशों के लिए नीतिगत सरोकार है कि वे हर स्तर के आतंकवाद का विरोध करें। आतंकवाद को सिर्फ हमला करने वाले आतंकियों तक ही सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उन्हें पनाह देने वाले, फंडिंग करने वाले, प्रायोजक देश भी आतंकवाद की परिधि में माने जाएंगे, लिहाजा उन्हें न्याय के कठघरे तक घसीट कर लाना होगा। इस तरह पाकिस्तान हर स्तर पर बेनकाब हो रहा है। बहरहाल भारतीय खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने खासतौर पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विकास पर भारी बढ़ती जनसंख्या

**-अनुज आचार्य-**

इन दिनों भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय कोरोना काल में रुकी पड़ी भारत की जनगणना जैसे विश्व के सबसे बड़े अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। वहीं विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक वैश्विक उत्सव है। यह दिन 'पांच अरब का दिन' (11 जुलाई 1987) की याद में मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों की हो गई थी। भारत में आजादी के समय कुल जनसंख्या 33 करोड़ थी जो 2011 की जनगणना के मुताबिक बढकर 125 करोड़ पहुंच गई थी। यूएन के अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में भारत की जनसंख्या 146.39 करोड़ है। आने वाले दशकों में ये आंकड़ा करीब 1.70 अरब तक जाएगा और फिर लगभग 40 साल बाद गिरावट शुरू होगी। भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें 0-14 वर्ष उम्र वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 वर्ष उम्र वर्ग में 17 प्रतिशत तथा 10-24 उम्र वर्ग में 26 प्रतिशत युवा हैं। देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या कामकाजी उम्र (15-64 वर्ष वर्ग) वाली है।

भारत की 65 फीसदी युवा आबादी जहां भारत का संबल है तो वहीं देश में बढ़ती बेरोजगारी जैसी बड़ी चुनौती का पर्याय भी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार मई-2025 में भारत में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। आज भारत में बड़ी संख्या में शिक्षित युवा वर्ग बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। बढ़ती जनसंख्या से प्रवासियों का एक राज्य से दूसरे राज्यों को पलायन बढ़ा है जो रोजगार को लेकर अब आपसी संघर्ष में बदल रहा है और इसका राजनीतिक लाभ के लिए भी इस्तेमाल हो रहा है। बड़े शहरों में रेहड़ी फड़ी की बढ़ती भीड़ से सडकों, गलियों में अतिक्रमण बढ? से ट्रैफिक जाम की समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इस बार विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम है, युवा वर्ग को ऐसा समर्थ बनाना, जहां वे निष्पक्ष और आशाजनक दुनिया में अपने मनचाहे परिवार की रचना कर सकें। इससे अभिप्राय है कि युवा वर्ग को अपना भविष्य बनाने में मदद करना है, कि कब परिवार शुरू करें, कितने बच्चे हों और कैसे स्वस्थ माहौल में जियें। अस्सी के दशक से हम सभी 'हम दो हमारे दो' का नारा सुनते आए हैं।

लेकिन अब 'हम दो हमारे दो' के बाद नई पीढ़ी के नौजवान ह्यहम दो हमारा एक' की नीति पर चल पड़े हैं, जिससे धीरे धीरे जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम स्वतः गति पकड़ रहा है। लेकिन इसको लेकर केवल मध्यमवर्गीय शिक्षित युवा पीढ़ी ही गंभीर है, वर्ना अधिकांश अशिक्षित या अर्द्धशिक्षित वर्ग के लोग अभी भी तीन से चार बच्चों के साथ परिवार नियोजन की मांग की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। यही कारण है कि बढ़ती आबादी के चलते भारत, विश्व की चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के बावजूद विकासशील देशों की कतार में खड़ा है। भारत की बढ़ती जनसंख्या का असर वैश्विक भूख सूचकांक-2025 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) की रिपोर्ट में भी देखा जा सकता है, जिसमें 127 देशों की सूची में भारत 105वें स्थान पर है। 2024 के इंडेक्स में भारत का स्कोर 27.3 था, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों ने इसके लिए नीतियों के खराब कार्यान्वयन, प्रक्रियाओं में प्रभावी निगरानी की कमी, कुपोषण से निपटने का उदासीन दृष्टिकोण और बड़े राज्यों के खराब प्रदर्शन को दोषी ठहराया है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 14 फीसदी आबादी कुपोषण की शिकार है। बढ़ती आबादी के पीछे अशिक्षा, अंधविश्वास, परिवार नियोजन के तौर-तरीकों में जागरूकता का अभाव और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही जैसे बुनियादी कारण हैं। ऐसा अनुमान है कि जनसंख्या वृद्धि के कारण नई पीढ़ी को भविष्य में बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ेगा। आज भी भारतीयों को बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट, भुखमरी, चिकित्सा सुविधाओं, कुपोषण, स्वच्छ पेयजल की कमी, अच्छी शिक्षा, बिजली-पानी के संकट और गरीबी से बुरी तरह से जूझना पड़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव, शहरीकरण और झुग्गियों का विस्तार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर बोझ और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याओं में भी इजाफा हो रहा है।

# चुनाव आयोग का बिहार मॉडल

**-कुमार कृष्णन-**

> बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के मुद्दे पर बिहार बंद और चक्काजाम में राहुल गांधी ने शामिल होकर चुनाव आयोग और भाजपा को जमकर घेरा। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा ने चुनाव आयोग की सांठगांठ से चुनाव जीतने नहीं बल्कि चोर करने की कोशिश की और अब भाजपा उसी तर्ज पर बिहार का चुनाव भी चोरी करने की फिराक में है और हम ऐसा होने नहीं देंगे।

बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी का चुनाव आयोग और भाजपा पर हमलावर होना और साथ ही बिहार बंद के वहाने विपक्ष का एकजुट होना, कहीं न कहीं एनडीए सरकार की नींद उड़ाने का काम कर रहा है, अब इंडिया गठबंधन। दरअसल देखा जाए तो राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से साफ साफ कह दिया है कि आयोग का काम भाजपा का काम करने का नहीं है, बल्कि संविधान की रक्षा करने का है और आयोग अपना काम नहीं कर रहा है।

राहुल गाधी ने कहा- मैं चुनाव आयोग में आपको साफ बोल रहा हूं। मैं बिहार और हिन्दुस्तान की जनता को स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों की वोट छीनने का तरीका है। बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के बुलाए बिहार बंद और चक्काजाम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पटना में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, पप्पू यादव समेत कई विपक्षी नेता शामिल रहे। इस मौके पर जहां विपक्ष ने अपनी एकजुटता दिखाई तो वहीं राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को घेरने का काम किया। राहुल ने साफ साफ चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा कि आयोग का काम भाजपा के लिए काम करना नहीं बल्कि संविधान के अनुसार चलने का है।

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के मुद्दे पर बिहार बंद और चक्काजाम में राहुल गांधी ने शामिल होकर चुनाव आयोग और भाजपा को जमकर घेरा। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा ने चुनाव आयोग की सांठगांठ से चुनाव जीतने नहीं बल्कि चोर करने की कोशिश की और अब भाजपा उसी तर्ज पर बिहार का चुनाव भी चोरी करने की फिराक में है और हम ऐसा होने नहीं देंगे। मैं आपको साफ बताना चाहता हूं कि यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, लेकिन इनको पता नहीं है कि ये बिहार है और बिहार की जनता ऐसा कभी नहीं होनी देगी।

इस कार्यक्रम के लिए पटना में महागठबंधन दल के सभी घटक दल के बड़े नेताओं का जुटान हुआ। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आयोजन में शामिल हुए। विपक्ष के सभी नेताओं ने आयकर गोलंबर से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक मार्च किया।

राहुल गांधी ने राजद, कांग्रेस, वाम दल और वीआइपी नेताओं कार्यकताओं को संबोधित किया और कहा, महाराष्ट्र के बाद अब बिहार में चुनाव आयोग हमारे मतदाताओं की चोरी कर रहा है। पहले इन्होंने महाराष्ट्र में जनादेश छीना अब बिहार की बारी है। इनका तरीका नया है मगर साजिश पुरानी है। जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। महागठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है।

लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन जीतकर आया। जबकि विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन बुरी तरह हार गया। उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस गंभीर विषय पर काम शुरू किया। हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में मतदान किया। आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए। एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए। गरीबों के वोट काटे गए। जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, तब चुनाव आयोग ने एक शब्द नहीं कहा।

राहुल गांधी बोले कि हमने चुनाव आयोग से कहा कि कानून कहता है कि हमें वोटर लिस्ट दी जाए, लेकिन आज तक महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट हमें नहीं मिली। वे सच्चाई छिपाना चाहते हैं। यही खेल वे बिहार में भी करना चाहते हैं। मैं बिहार की जनता से कहता हूं कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार चुनाव भी चोरी करने की कोशिश की जा रही है।

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला भारत बंद को मोदी सरकार के खिलाफ 'जनआक्रोश' करार दिया। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। इस क्रम में विपक्ष ने बिहार बंद के जरिये अपनी लड़ाई को सड़क तक पहुंचा दिया है। चुनाव आयोग के इस कदम को लेकर राहुल गांधी के साथ ही तेजस्वी यादव भी बिहार बंद शामिल हो गए हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने अनुच्छेद 326 को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया है। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि बिहार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से यह सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र लोग इसमें शामिल हों।

चुनाव आयोग द्वारा कहा गया है कि लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं के लिए निर्वाचनों का वयस्क मताधिकार के आधार पर होना लोक सभा और प्रत्येक राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे अर्थात प्रत्येक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है और ऐसी तारीख को, जो समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस निमित्त नियत की जाए, कम से कम अठारह वर्ष की आयु का है और इस संविधान या समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्तविकृति, अपराध या भ्रष्ट या अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा निरर्हित नहीं कर दिया जाता है, ऐसे किसी निर्वाचन में मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने का हकदार होगा।

इससे पहले बिहार की मतदाता सूची का जिक्र करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में जो भी व्यक्ति एक जनवरी 2003 की मतदाता सूची में है, उसे संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत प्राथमिक दृष्टिकोण से योग्य माना जाएगा। दूसरे शब्दों में, जिन लोगों के नाम उस सूची में हैं, उन्हें कोई कागज जमा करने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि आयोग जल्द ही 2003 की बिहार मतदाता सूची को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा, ताकि इसमें शामिल करीब 4.96 करोड़ मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए गणना प्रपत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले संबंधित हिस्से को निकालने में सुविधा हो।

कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं के माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है, उन्हें केवल अपने जन्म स्थान/तिथि के बारे में दस्तावेज देने होंगे। बिहार में अभी 243 विधानसभा सीट पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।

कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं के माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है, उन्हें केवल अपने जन्म स्थान/तिथि के बारे में दस्तावेज देने होंगे। बिहार में अभी 243 विधानसभा सीट पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं।

# फिलवक्त बिहार में विपक्षी राजनीति का चक्का जाम है...

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ-**

चुनाव आयोग द्वारा बीती 25 जून से बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने है। इस प्रक्रिया का विपक्षी ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंसह्ण यानी इंडी गठबंधन विरोध कर रहा है। विपक्ष इस मसले पर कानूनी लड़ाई भी लड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट में विपक्ष की 9 राजनीतिक पार्टियों ने याचिका दाखिल की है, जिस पर सर्वोच्च अदालत 10 जुलाई को सुनवाई करेगा। वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने नौ जुलाई बिहार में चक्का जाम करने का निर्णय किया है। विपक्ष की राजनीति और बॉडी लैंग्वेज से ऐसा आभास हो रहा है मानो मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण से उसका बना बनाया खेल बिगड़ गया है। फिलवक्त बिहार में विपक्ष की राजनीति का चक्का जाम दिखाई दे रहा है।

निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, जबकि पांच राज्यों- असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। बांग्लादेश और म्यांमार से आने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में की जा रही कार्रवाई के मद्देनजर यह कवायद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। इसी वजह से पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है।

बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

जाति आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार बिहार में करीब 17.70 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। वहीं, बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर अहम भूमिका अदा करते हैं। इन इलाकों में मुस्लिम आबादी 20 से 40 प्रतिशत या इससे भी अधिक है। बिहार की 11 सीटें हैं, 10 से 30 फीसदी के बीच मुस्लिम मतदाता हैं। जानकारों का मानना है कि चुनिंदा क्षेत्रों में अगर एक निश्चित मात्रा में नाम कट जाएं तो मुकाबला कमजोर हो जाएगा। वहीं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन यानी एआईएमआईएम ने भी विपक्ष के सामने संकट पैदा कर दिया है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर उल ईमान ने लालू प्रसाद को चिट्ठी लिख कर कहा कि एमआईएम को महागठबंधन में शामिल किया जाए।

राजद की ओर से पहली प्रतिक्रिया में पार्टी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने इसके लिए मना कर दिया है। असल में एआईएमआईएम ने राजद और कांग्रेस दोनों को उलझा दिया है। ये दोनों पार्टियां कहती रही हैं कि ओवैसी की पार्टी भाजपा की बी टीम है और हर बार राजद, कांग्रेस को हराने के लिए चुनाव लड़ती है। लेकिन इस बार उन्होंने अपनी ओर से तालमेल की पहल की है। अगर राजद, कांग्रेस तालमेल के लिए तैयार नहीं होते हैं तो फिर कैसे एमआईएम पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगाएंगे! राजद और कांग्रेस की स्थिति सांप छछूंदर वाली हो गई है।

इंडी गठबंधन बिहार विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए को टक्कर देने के लिए दो तरफा योजना बना रहा है। इसके तहत वह कल्याणकारी योजनाओं के वादों के साथ-साथ सामाजिक न्याय का एक बड़ा मुद्दा भी पेश करेगा। विपक्ष रोजगार की तलाश में गरीब बिहारियों के बड़े पैमाने पर पलायन को रोकने के उपाय के रूप में विशेष रोजगार सृजन योजनाओं की पेशकश करने के लिए भी काम कर रहा है। विपक्षी गठबंधन को उम्मीद है कि वह स्थानीय भावनाओं को भी प्रभावित करने के लिए एक अभियान चलाकर यह दावा कर सकेगा कि बिहार में कुछ नौकरशाहों के माध्यम से एक दिल्ली गिरोह छद्म सरकार चला रहा है, वह भी ऐसे समय में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शारीरिक फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं।

लेकिन विपक्ष के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिहार चुनाव में उसका चेहरा कौन होगा? विपक्ष अभी अपना चेहरा तय नहीं कर पाया है। राजद तेजस्वी को भावी मुख्यमंत्री और विपक्ष के चेहरे के तौर पर पेश कर रहा लेकिन गठबंधन में इस पर कोई सहमति नहीं है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस मुद्दे पर सहमति बनना मुश्किल है। गठबंधन का कोई भी दल अपनी दावेदारी कम नहीं करना चाहता। ऐसे में विपक्ष भले ही ऊपरी तौर पर ताकतवर दिखने के लिए एकजुटता दिखा रहा है, लेकिन अंदरखाने विपक्ष के चेहरे यानी सीएम प्रत्याशी के नाम को लेकर भारी उथल पुथल मची है। सत्तारूढ पक्ष की ओर से साफ किया जा चुका है कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव मैदान में उतरेग। और चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नीतीश कुमार बैठेंगे। बिना चेहरे के चुनाव मैदान मे उतरने से विपक्ष का पलड़ा कमजोर होना तय है, क्योंकि इस से यह मैसेज जायेगा कि विपक्ष एकजुट नहीं है।

बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष खासकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और जन सुराज के संयोजक जिन मुद्दों को आधार बनाकर बिहार सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके हर मुद्दे की लगातार हवा निकाल रहे हैं। चाहे बिहार की सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू करने की बात हो या सामाजिक पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी का मुद्दा। यानी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष से दो कदम आगे चल रहे हैं।

चुनाव में अभी लगभग तीन महीने का वक्त है, तब तक राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा ये अभी कह पाना मुश्किल है। फिलवक्त बिहार मे विपक्ष की राजनीति उलझी और फंसी हुई दिख रही है। चुनाव आयोग की कार्रवाई से विपक्ष की हताशा भी सामने आ चुकी है। ऐसा लग रहा है मानो विपक्ष की सारी उम्मीदें मतदाता सूची पर ही टिकी हुई थी। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में पुनरीक्षण शुरू करके उसका बना बनाया काम बिगाड़ दिया हो। कानून और नियमों के तहत चुनाव आयोग साफ सुथरी मतदाता सूची बनाना चाह रहा है। इससे भला किसी को क्या परेशानी हो सकती है। लेकिन विपक्ष ने इस प्रक्रिया का विरोध कर अपनी मंशा साफ कर दी है। आशंका इस बात की भी है कि कहीं विपक्ष अपनी संभावित हार को देखते हुए चुनाव आयोग और सरकार पर आरोप मढ़ने की नीयत से पेशबंदी तो नहीं कर रहा।

# पत्रकारिता की नाक कटाने पर तुला 'गोदी मीडिया'

**-निर्मल रानी-**

यदि आप गोदी मीडिया से जुड़े भोंपू टी वी चैनल्स पर टी आर पी केंद्रित चोंच लड़ाने व उत्तेजना पैदा करने वाली डिबेट देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जिसदिन गोदी मीडिया के इन टी वी एंकर्स को किसी न किसी डिबेट के सहभागी या दर्शकगण के बीच बैठे किसे जागरूक व्यक्ति के हाथों घोर अपमान न सहना पड़ता हो। जनता के बीच तो यह लोग अब जाने से ही डरते हैं क्योंकि वहां भी कई बार इन्हें अपमानित होकर वापस आना पड़ा है। स्वयं के सेलेब्रेटी होने का भ्रम पाले ऐसे कई पत्रकारों को कई बार जनता धक्के देकर भगा चुकी है। आखिर क्या कारण है कि पत्रकारिता जैसा पवित्र व जिम्मेदार पेशा अब इतना बदनाम हो गया है कि गोदी मीडिया से जुड़े वर्तमान भोंपू व पक्षपातपूर्ण एवं झूठी रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों का बर्ताव व उनका मनोभाव देखकर लोग अपने बच्चों को पत्रकारिता सिखाने से परहेज करने लगे हैं?

आम लोग बड़े ही भरोसे के साथ टी वी देखते व पत्र पत्रिकाएं पढ़ते हैं। पत्रकारों का एक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय नेटवर्क जगह जगह के ताजा हालात के बारे में अपने अपने मीडिया संस्थान को पूरी जिम्मेदारी के साथ अवगत कराता है। इसी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित कर देश दुनिया को किसी घटना की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मीडिया सरकार व समाज के दर्पण का भी काम करता है। सत्ता से उसकी नाकामियों पर सवाल पूछता है। परन्तु गत दस वर्षों से तो यही मीडिया न केवल सरकार का वफादार भोंपू बन चुका है बल्कि उल्टे सत्ता से सवाल करने वालों को ही कटघरे में खड़ा कर रहा हे। यह सत्ता के बजाये विपक्ष से सवाल करने को ही पत्रकारिता समझता है। गोदी मीडिया सरे आम सांप्रदायिक एजेंडा परोसता है और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने में अपनी मुख्य भूमिका अदा कर रहा है।

पत्रकारिता को शर्मसार करने वाले ऐसे ही दलाल किस्म के पत्रकारों पर न जाने कितने मुकद्दमे चल चुके हैं और कई पर तो अभी भी चल रहे हैं। देश की अदालतें ऐसे टी वी चैनल्स व पत्रकारों को कई बार डाँट फटकार लगा चुकी हैं। अभी पिछले ही दिनों रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि का मामला दायर कर दिया। अर्नब गोस्वामी ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण की रिपोर्टिंग के समय कांग्रेस पार्टी को ह्लराष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ीह्व होने वाली पार्टी बताकर कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी। रिपब्लिक टीवी वही न्यूज चैनल है जिसकी स्थापना मई 2017 में अर्नब गोस्वामी व भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से की थी। राजीव चंद्रशेखर उद्यमी होने के साथ साथ वर्तमान में भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष होने के अलावा पूर्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, उद्यमिता व जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री भी हैं। उधर अर्नब गोस्वामी की तारीफ यह है कि इन्हें 4 नवंबर 2020 को 53 साल के एक इंटीरियर डिजाइनर को आत्महत्या के लिये मजबूर करने के मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ़्तार किया था। इसके अलावा भी गोस्वामी के विरुद्ध कई आपराधिक और सिविल मामले दर्ज किए गए थे। इनमें मानहानि, उकसाने, गलत सूचना फैलाने और अन्य संबंधित आरोप शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुंह पर कालिख पोतने वाला ऐसा दागदार व्यक्ति अब यह प्रमाण पत्र बाँट रहा है कि कौन सा व्यक्ति व दल राष्ट्र भक्त है और कौन राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ा है?

कुछ दिन पहले ऐसे ही किसी 'एजेंडा पत्रकार' ने पूरी पत्रकार बिरादरी को उस समय जलील किया जब उसने भारत की अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व निदेशक अमरजीत सिंह दुलत का साक्षात्कार किया और उस दौरान उसने दुलत से एक अप्रासंगिक प्रश्न पूछ लिया। उसने पुछा कि कुछ दिन पहले आप पाकिस्तान गए थे? इस सवाल पर पहले तो दुलत ने पूछा की यह किसने बताया आपसे? जवाब न मिलने के बाद वे खड़े हो गये और ---निकालो इसको साले को, हटाङ्गबहन चो... को। कौन? कौन साला हरामजादा बोल रहा था? कौन कुत्ता बोल रहा था? कौन था वो? मालूम है मैं कौन हूँ? कौन कह रहा था? मादर... तुम समझते क्या हो अपने आप को, मादर चो ... पागल समझ रहे हो? तेरी माँ चो... दूंगा मैं, बहन चो ....। और आखिरकार इस पत्रकार पर इतने सरे अलंकरण की बारिश करने के बाद दुलत ने उस दलाल पत्रकार व उसके कैमरामैन को धक्के देकर अपने घर से बाहर खदेड़ दिया। तो क्या इस तरह पत्रकारिता की 'शान ' बढ़ा रहा है हमारे देश का बिकाऊ भाण्ड मीडिया?

इसी तरह पिछले दिनों जी न्यूज और उठठ-ठी६२१8 के विरुद्ध पुंछ की अदालत ने ?फ आई आर का आदेश दिया तथा प्रत्येक पर 5 करोड़ रुपये का जुमार्ना सुनाया। मामला यह था कि 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पुंछ में पाकिस्तानी हमले में कारी मोहम्मद इकबाल नामक एक सज्जन व्यक्ति शहीद हो गए थे। उस समय ीठी६२ और उठठल्ली६२18 जैसे चैनल बड़ी ही बेशर्मी से इकबाल को आतंकवादी बता रहे थे तथा बिना किसी सबूत के यह दावा कर रहे थे कि कारी मोहम्मद इकबाल का सम्बन्ध लश्कर-ए-तैयबा से था। जबकि वे स्थानीय लोकप्रिय समाजसेवी थे तथा राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। मरणोपरांत उनकी छवि बिगाड़ने, फर्जी व अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए ही अदालत ने इन चैनल्स पर 5 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया। निश्चित रूप से यह पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता के मुँह पर जोरदार तमाचा है। यह कैसा गैर जिम्मेदार मीडिया है कि दुश्मन की गोली से शहीद होने वाले अपने ही देशवासियों को आतंकवादी बता रहा है?

याद कीजिये 14 जून 2020 का वह दिन जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली थी। परन्तु आत्महत्या करने के बाद उसके परिवार वालों ने सुशांत की मित्र अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को इस तरह कटघरे में खड़ा कर दिया था गोया रिया चक्रवर्ती पर दोष मढ़ने के लिये मीडिया के पास सारे सुबूत मौजूद हों। उस दौरान इसी मीडिया ट्रायल की वजह से रिया को 27 दिनों तक जेल में भी रहना पड़ा था। रिया चक्रवर्ती पर न केवल न केवल सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने भर का आरोप था बल्कि उस पर 15 करोड़ की हेराफेरी का भी आरोप लगाया गया था।

यहाँ तक कि इस मामले में ड्रग्स के एंगल से भी जांच की गई थी। परन्तु पिछले दिनों इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। सीबीआई की इस रिपोर्ट में अभिनेता की मौत के मामले में किसी साज़िश से इनकार किया गया। गोया सीबीआई द्वारा रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट दे दी गई। इस रिपोर्ट के फौरन बाद जी न्यूज के स्वामी सामने आये थे और उन्होंने अपने चैनल पर इस सम्बन्ध में गलत खबर चलाने के लिये मुआफी मांगी। परन्तु बेशर्म पत्रकारों ने मुआफी मांगने की भी जरुरत महसूस नहीं की? देश में जिस तरह मीडिया द्वारा बेशर्मी की सारी हदें पार की जा रही हैं उसे देखकर यही कहा जायेगा कि पत्रकारिता की नाक कटाने पर तुला है 'गोदी मीडिया'।

## बिहार में अबतक एसआईआर के तहत लगभग आधे मतदाताओं ने भरे फॉर्म

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** बिहार के लिए जारी मतदाता सूची अपडेट करने की प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तक आधे मतदाताओं ने अपने फोर्म भर दिए हैं। प्रगति को देखते हुए आयोग ने संभावना व्यक्त की है कि गणना फॉर्मों के संग्रह का कार्य अंतिम दिन यानी 25 जुलाई से पहले ही पूरा हो जाएगा। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 3.70 करोड़ गणना फॉर्म भरे गए हैं। 24 जून को एसआईआर निर्देश जारी होने के बाद से यह लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं का 46.95 प्रतिशत है। पहले दो हफ्तों में 97 प्रतिशत से अधिक फॉर्म मतदाताओं को वितरित किए गए हैं। साथ ही ईसीआईनेट में 18.16 प्रतिशत फॉर्म अपलोड किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग राज्य की मतदाता सूची को अपडेट कर रहा है। इसके चलते एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत घर-घर जाकर ऑनलाइन माध्यम से फोर्म भरने की प्रक्रिया शुरु की गई है। आयोग 30 सितंबर तक अपनी अंतिम मतदाता सूची जारी कर देगा।

## सारनाथ में 10 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा, धम्मचक्कप्पवत्तन दिवस मनाएगा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ

**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय के तहत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर 10 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर सारनाथ में धम्मचक्कप्पवत्तन दिवस मनाएगा। आषाढ़ पूर्णिमा को धम्म चक्र प्रवर्तन की प्रक्रिया का प्रथम महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है। इसी दिन भगवान बुद्ध ने सारनाथ के नाम से विख्यात ऋषिपटन मृगादय के मृग उद्यान में पंचवर्गीय (पांच तपस्वी साथियों) को पहली बार उपदेश दिया था। यह पवित्र अवसर वर्षा ऋतु में विश्राम की शुरुआत का भी संकेत है। संपूर्ण बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियां इस पावन अवसर पर अपने धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हैं। संस्कृति मंत्रालय के बयान के मुताबिक, कार्यक्रम में ऐतिहासिक धामेक स्तूप पर संध्या काल में संघ समुदाय के नेतृत्व में पवित्र परिक्रमा और मंत्रोच्चारण से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। पारंपरिक रीति के अनुसार इस अनुष्ठान में भ्रमण और मंत्रोच्चारण से समारोह स्थल पर गहन आध्यात्मिक ऊर्जा जागृत होगी। उसके बाद प्रख्यात भिक्षुओं, विद्वानों और गणमान्य व्यक्तियों की ओर से मंगलाचरण पाठ होगा और चिंतन-मनन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बुद्ध की शिक्षाओं का उद्गम स्थल सारनाथ में ही भगवान बुद्ध ने बुद्ध धम्म की नींव रखते हुए चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग का ज्ञान साझा किया था। श्रीलंका में यह दिन एसाला पोया और थाईलैंड में असन्हा बुचा के रूप में मनाया जाता है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय: पीएचडी परिणाम में देरी पर एबीवीपी ने किया हिंदी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन


**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में पीएचडी नामांकन परिणामों में हो रही देरी और प्रशासनिक लापरवाहियों के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पीएचडी में नामांकन के लिए जिन छात्रों ने आवेदन किया था, उनके परिणाम जानबूझकर लटकाए जा रहे हैं। इससे न सिर्फ छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है बल्कि उनका पूरा शैक्षणिक और करियर प्लान भी प्रभावित हो रहा है। एबीवीपी की प्रदेश सह-मंत्री अपराजिता ने कहा कि हिंदी विभाग को छात्रों के हित में काम करना चाहिए, लेकिन यहां तो छात्र खुद को उपेक्षित और अनसुना महसूस कर रहे हैं। अगर विभाग ने जल्द ही इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो एबीवीपी यह मुद्दा कुलपति कार्यालय तक ले जाएगी और छात्रों के हक की लड़ाई जारी रखेगी।

## दिल्ली-एनसीआर में पूरे हफ्ते सुहावना रहेगा मौसम, जुलाई मध्य तक अच्छी बारिश का पूर्वानुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में इस सप्ताह मौसम का मिजाज सुहावना बना रहेगा। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में अगले सात दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में जुलाई मध्य तक अच्छी बारिश होने का पूर्वानुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 09 जुलाई को दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दिन आसमान में बादल छाए रहने और बिजली कड़कने की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 10 से 14 जुलाई तक भी मौसम में बदलाव का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। इस अवधि में दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इन दिनों बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कुछ क्षेत्रों में वज्रपात की घटनाएं भी हो सकती हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले में भाजपा ने एफआईआर पर उठाए सवाल, स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कोलकाता लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट में घटना की स्वतंत्र रूप से न्यायिक जांच की मांग की है। भाजपा के तथ्यान्वेषी समिति के सदस्यों ने मामले में दर्ज एफआईआर के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में तथ्यान्वेषी समिति के सदस्य सत्यपाल सिंह ने कहा कि 25 जून को कलकत्ता के लॉ कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म हुआ। ये घटना इतनी दुर्भाग्यपूर्ण और दुखदायक थी कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस घटना को जानकर बहुत क्षुब्ध और चिंतित हुए। उन्होंने संदेश दिया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा का शासन नहीं है, लेकिन वहां की हर बेटी और बहन हमारी जिम्मेदारी है और उनका सम्मान, उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसलिए उन्होंने चार सदस्यों की एक कमेटी बनाई। उन्होंने बताया कि सबसे पहले हमारी कमेटी




वहां के पुलिस कमिश्नर से मिली। 45 साल के पुलिस जीवन में पहली बार एक ऐसा केस देखा कि एफआईआर में आरोपितों के नाम मिटा दिए गए और नाम ?की जगह कहीं जे लिख दिया तो कहीं एम लिख दिया। ये तो सुप्रीम कोर्ट का डायरेक्शन है कि पीड़िता का नाम किसी को न बताया जाए लेकिन पश्चिम बंगाल में पहली बार देखा कि आरोपितों का नाम एफआईआर में नहीं लिखा गया। क्या ऐसे लोगों से हम उम्मीद कर सकते हैं कि पीड़िता को न्याय मिलेगा? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। राज्य में महिलाओं पर अत्याचार और अपराध बढ़ रहे हैं। मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो रही। पुलिस अपना काम ठीक से नहीं कर रही है। ऐसे बहुत से मामले हैं जहां न्याय नहीं मिला है। सांसद बिप्लब देव ने कहा कि ममता सरकार बहन-बेटियों को नहीं बचा सकती, तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस कंपनी ने आरोपितों को रखा था वो एजेंसी टीएमसी नेता की है। एक विशेष संप्रदाय के लोगों के वोटबैंक को बचाने के लिए राज्य सरकार ऐसा कर रही है। मुख्यमंत्री को उस पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। सांसद मनन मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार असलियत को छुपाने का प्रयास कर रही है। हमने अपनी रिपोर्ट में केन्द्र सरकार से इस मामले की न्यायिक जांच करने की मांग की है। चार सदस्यीय इस समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह और मीनाक्षी लेखी के साथ सांसद बिप्लाब देब और मनन कुमार मिश्रा शामिल हैं। यह चार सदस्यीय समिति 30 जून को कोलकाता के लिए रवाना हुई थी।

## नोएडा में अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नोएडा में एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ कर इसके मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया। जो यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को फर्जी टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर ठग रहा था। इस गिरोह का संचालन नोएडा स्पेशल इकोनॉमिक जोन से किया जा रहा था, जहां से चल रहे एक हाइटेक कॉल सेंटर पर सीबीआई ने सोमवार को छापा मारा। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने पाया कि कॉल सेंटर से लोगों को फर्जी कॉल कर यह बताया जा रहा था कि उनके कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस में कोई तकनीकी समस्या है, जिसे ठीक करने के लिए मोटी रकम मांगी जाती थी। गिरोह खुद को माइक्रोसॉफ्ट जैसी नामी कंपनियों का टेक्निकल स्टाफ बताता था ताकि लोगों का भरोसा जीत सके। सीबीआई ने बताया कि इस ऑपरेशन को अमेरिकी एफबीआई, यूके की नेशनल क्राइम एजेंसी और माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के साथ मिलकर अंजाम दिया गया। छापे के दौरान टीम को लोगों से बात करते हुए कॉल एजेंट भी मिले, जो उस




वक्त लाइव कॉल पर थे। जांच एजेंसी ने इस गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है, जो फर्स्ट आइडिया नाम से कॉल सेंटर चला रहा था। उसके खिलाफ धोखाधड़ी और जबरन वसूली के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य राष्ट्रवाद का आदिपुरुष देखने पहुंचे नड्डा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य राष्ट्रवाद के आदिपुरुष की प्रथम प्रस्तुति कमानी ओडिटोरियम में रखी गई। इस नाट्य को देखने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहुंचे।

नड्डा ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को एक नाट्य के रूप में प्रस्तुत करने के लिए दिल्ली भाजपा की सराहना की। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज के आलावा वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद् समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने नाट्य मंचन से पूर्व गणमान्य अतिथियों, उपस्थित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति अपने स्वागत सम्बोधन में बताया की इस नाटय के निर्माण के पीछे उद्देश्य सरल भाषा में डॉ. मुखर्जी के जीवन, उनकी राष्ट्रवाद



की कल्पना, शिक्षा, राजनीतिक कार्यों एवं कश्मीर के प्रति समर्पण को जनता के समक्ष रखना। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित इस नाट्य को सफल बनाने के लिए नैशनल स्कूल एवं ड्रामा एवं श्रीराम कला केंद्र के 58 कलाकारों के साथ एक मुख्य निर्देशक एवं 16 टेक्निकल स्टाफ सहित 75 लोगों की टीम ने प्रबल भूमिका निभाई है। भाजपा के विभिन्न मोर्चों के प्रभारी डॉ. सुमित भसीन ने युवा मोर्चा, पूर्वांचल मोर्चा एवं मीडिया विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ व्यवस्था बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

## हज यात्रा के लिए आवेदन करने का सिलसिला शुरू, 31 जुलाई तक भरे जाएंगे फॉर्म

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारत से हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन फॉर्म भरने का सिलसिला शुरू हो गया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट और हज सुविधा एप पर 7 जुलाई से 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय के अंतर्गत हज कमेटी ऑफ इंडिया ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार भारत से हज यात्रा पर जाने की इच्छुक सभी लोगों से आवेदन करने को कहा गया है। इच्छुक तीर्थयात्री आधिकारिक हज पोर्टल https://haj-committee.gov.in या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। यह ऐप आईओएस और एंड्रॉयड दोनों उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन 7 जुलाई से 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। अधिसूचना के अनुसार 31 दिसंबर, 2026 तक का वैध अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट रखने वाले लोग आवेदन कर सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति के पास पासपोर्ट नहीं है तो वह नए पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के बाद हज यात्रा के लिए फॉर्म भर सकते हैं। हज कमेटी ने आवेदकों को यह भी सलाह दी है कि वे आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर ध्यान पूर्वक विचार करें। मृत्यु या गंभीर चिकित्सा आपातकाल जैसी दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों को छोड़कर यात्रा रद्दीकरण से वित्तीय नुकसान भी हो सकता है। हज कमिटी ऑफ इंडिया के सीईओ साहनवास सी ने आवेदन कर्ताओं से कमेटी की वेबसाइट पर मौजूद तमाम गाइडलाइन और दिशा-निर्देशों का सही से


Government of India
Ministry of Minority Affairs
Haj Committee of India

ANNOUNCEMENT FOR HAJ – 2026

अवलोकन करने के बाद ही फार्म भरने की बात कही है। उन्होंने बताया कि आवेदन फॉर्म भरने के लिए राज्य हज कमेटियों में सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं और वहां पर यात्रा से संबंधित सभी प्रकार की सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने राष्ट्रपति को सौंपी 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट सौंपी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एनसीएससी के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने किया, उनके साथ सदस्य लवकुश कुमार और वड्डेपल्ली रामचंदर और सचिव जी. श्रीनिवास भी मौजूद थे।

इस रिपोर्ट में अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक प्रावधानों के कार्यकरण की व्यापक समीक्षा प्रस्तुत की गई है, जिसमें अनुसूचित जातियों के खिलाफ किए गए अत्याचारों और अपराधों से संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट किया गया है। इसमें अनुसूचित जातियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं और



सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों के साथ व्यापक समीक्षा, घटनास्थलों के दौरे और परामर्श से प्राप्त प्रमुख निष्कर्षों को रेखांकित किया गया है। आयोग ने संस्थागत जवाबदेही को सदृढ़ करने, न्याय सुनिश्चित करने और अनुसूचित जाति समुदायों के समग्र सशक्तिकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख सिफारिशें की हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के संविधान अनुच्छेद 338 के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को दिए गए अधिदेश के अनुसार, आयोग को अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों के कार्यकरण पर भारत के राष्ट्रपति को प्रतिवर्ष तथा समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसमें अनुसूचित जातियों के संरक्षण, कल्याण तथा सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ-साथ प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संघ तथा राज्य सरकारों द्वारा किए जाने वाले उपायों से संबंधित सिफारिशें शामिल होती हैं।

## दिव्यांगजन संस्थान में 54 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय दिव्यांगजन संस्थान (पीडीयूएनआईपीपीडी) में 54 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने पर्यावरण के अनुकूल पहल की शुरुआत की, जिसे लेग्रैंड इंडिया के सहयोग से स्थापित किया गया था। यह पर्यावरण संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह सौर ऊर्जा संयंत्र पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह न केवल संस्थान की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा बल्कि



आर्थिक रूप से भी फायदेमंद साबित होगा। यह सौर ऊर्जा संयंत्र ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के सरकार के मिशन के साथ संरेखित है, जिससे पर्यावरणीय और आर्थिक दोनों तरह के लाभ होंगे।

## कच्छ में पहली बार मशरू बुनाई को राष्ट्रीय पुरस्कार, 3 शिल्पकारों को मिली सफलता

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** हस्तशिल्प के लिए खास पहचान रखने वाले कच्छ जिले के 3 हस्तशिल्प कारीगरों को वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है। विशेष बात यह है कि मशरू बुनाई के लिए कच्छ को पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार मांडवी तालुका के डोण गांव के कलाकार भोजराज दामजी धोरिया को प्राप्त हुआ है। अन्य दो कारीगरों को खरड़ बुनाई और कच्छी शॉल के लिए यह पुरस्कार घोषित किए गए हैं। कच्छ के तीन कला-शिल्पकारों के नाम वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित हुए हैं। 1300 वर्ष पुरानी मशरू हस्तकला के लिए मांडवी तालुका के डोण गांव के भोजराज दामजी धोरिया, खरड़ बुनाई के लिए मूल कूरन और वर्तमान में कुकमा में रहने वाले सामत तेजशी तथा कच्छी हस्तकला की शॉल के लिए भुजोडी की दिनाबेन रमेश खरट को राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा हुई है।

कच्छ और पाटण में पहले मशरू बुनाई होती थी। राजशाही काल में मांडवी में बड़े पैमाने पर यह कार्य होता था। उस समय मांडवी तालुका में 500 बुनकर थे। समय के साथ यह कला लगभग समाप्त हो गई थी। 1990 में केवल उनका परिवार इस कार्य को करता था। एक पैर से पोलियोग्रस्त होने



के बावजूद भोजराज भाई ने मेहनत और लगन से काम जारी रखा। उन्हें यह पुरस्कार मिलने पर उनका परिवार और मशरू के अन्य कारीगर अत्यंत प्रसन्न हैं। लुप्त हो रही खरड़ बुनाई को अथक मेहनत से जीवित रखने वाले मूल कूरन और वर्तमान में कुकमा निवासी सामत तेजशी को भी वर्ष 2024 का राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित हुआ है। 2018 का राज्य पुरस्कार, उनके पिता तेजशीभाई को 2019 का राष्ट्रीय पुरस्कार, 2013 का संत कबीर पुरस्कार, 2021 का गुजरात पर्यटन पुरस्कार, 2019 का इंटरनेशनल क्राफ्ट अवार्ड, 2023 का इंडियन फैशन अवार्ड, 2020 का राज्य पुरस्कार और 2008 का कच्छ बिजनेस एसोसिएशन पुरस्कार, उनके पिता हीराभाई को 2022 का राज्य पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा, भुज तालुका के भुजोडी क्षेत्र के वणकरवास में रहने वाली दिनाबेन रमेश खरट को हाथ से बुनी कच्छी शॉल के लिए वर्ष 2024 का राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित हुआ है।

## भारत में ऊर्जा सहयोग को लेकर बीडब्ल्यू-एलपीजी प्रमुख से हरदीप पुरी ने ओस्लो में की मुलाकात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में एलपीजी क्षेत्र की एक प्रमुख वैश्विक कंपनी बर्गेसन वर्ल्डवाइड (बीडब्ल्यू)-एलपीजी के सीईओ क्रिस्टियन सोरेंसन से मुलाकात की। इस बैठक की जानकारी खुद मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक एलपीजी शिपिंग के क्षेत्र में भारत और बीडब्ल्यू-एलपीजी के बीच सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से हुई।उन्होंने कहा कि बीडब्ल्यू-एलपीजी दुनिया की अग्रणी एलपीजी शिपिंग कंपनियों में से एक है। यह कंपनी बहुत बड़े गैस वाहक जहाजों का संचालन करती है, जिनकी कुल वहन क्षमता 4 मिलियन क्यूबिक मीटर से भी अधिक है। बीडब्ल्यू- एलपीजी भारत में एलपीजी आयात का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा संभालती है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। बैठक के दौरान पुरी और सोरेंसन के बीच भारत में एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक मजबूत एवं स्थिर बनाने, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके अलावा यह भी बातचीत हुई कि कैसे बीडब्ल्यू-एलपीजी और भारतीय ऊर्जा कंपनियों के बीच सहयोग को तकनीकी और व्यावसायिक स्तर पर और बेहतर बनाया जा सकता है।

## देशभर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने निकली 'कोलैब इंजन' यात्रा, अजय टम्टा ने दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने और पर्यावरण के लिए सही ट्रांसपोर्ट को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए 'कोलैब इंजन' कैंपेन किया गया। इसे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसकी शुरुआत एक इलेक्ट्रिक गाड़ी से हुई, जो बिना प्रदूषण फैलाए पूरे देश में घूमेगी। ये कैंपेन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मिशन लाइफ' यानी 'पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल' वाले विजन से प्रेरित है। इसका मकसद लोगों को साफ-सुथरे और इको-फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट के बारे में बताना है। 'कोलैब इंजन' को पूरी तरह युवा चला रहे हैं। ये इलेक्ट्रिक वाहन 25 से ज्यादा शहरों से होते हुए करीब 10,500 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। ये दुनिया की सबसे लंबी इलेक्ट्रिक व्हीकल ड्राइव बनकर रिकॉर्ड भी बना सकता है। इस दौरान टीम अलग-अलग शहरों के स्कूल, कॉलेजों और पब्लिक प्लेस पर जाकर लोगों से बात करेगी। उन्हें सरकार ऐसे कैंपेन को पूरा सपोर्ट करती है और आगे भी इन्हें बढ़ावा देगी। कोलैब इंजन की टीम ने बताया कि वो रास्ते में लोकल



इलेक्ट्रिक गाड़ियों के फायदे, क्लीन एनर्जी और पर्यावरण बचाने की जरूरत के बारे में समझाएगी। अजय टम्टा ने कहा कि युवाओं की ये कोशिश भारत को हरा-भरा और जिम्मेदार भविष्य की ओर ले जाएगी। प्रशासन, पर्यावरण एक्टिविस्ट्स और स्टूडेंट्स के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करेंगे। ये सिर्फ एक रोड ट्रिप नहीं, बल्कि एक ऐसा मूवमेंट है जो साफ और टिकाऊ भारत बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

# सेनेटरी पैड पर राहुल गांधी की फोटो का वीडियो शेयर कर फंसा गुरुग्राम का कारोबारी, अब सता रहा गिरफ्तारी का डर

**एजेंसी**
**गुरुग्राम।** स्थानीय एक इंटीरियर कारोबारी सेनेटरी पैड पर कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी की तस्वीर लगाकर वायरल वीडियो को शेयर कर फंस गया है। इस मामले में तेलंगाना में कांग्रेस नेता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।अब गुरुग्राम के इस इंटीरियर कारोबारी को अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है।कांग्रेस ने बिहार में महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने का अभियान शुरू किया है। इसके बाद बिहार के एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रतन रंजन ने महिलाओं के कपड़े पहनकर सेनेटरी पैड पर राहुल गांधी की तस्वीर होने पर सवाल उठाया था। रतन रंजन के वीडियो को इंटीरियर कारोबारी अरुण यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर उसका समर्थन किया था। अरुण यादव मूलरूप से रेवाड़ी के कोसली के रहने वाले हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना आइकॉन मानते हैं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी प्रधानमंत्री की फोटो है। अरुण यादव ने उस तस्वीर को एक्स पर री-ट्वीट कर दिया था, जिससे वह और अधिक प्रचारित हुई। इस मामले में तेलंगाना यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष जक्कीदी शिव चरण रेड्डी की शिकायत पर हैदराबाद के बेगम बाजार थाना में केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा कर्नाटक में भी एक एफआईआर दर्ज हुई है। इस एफआईआर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रतन रंजन और गुरुग्राम के अरुण यादव सहित कई यूजर कानाम है। अपने खिलाफ केस दर्ज होने के बाद अरुण यादव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि बिहार में महिलाओं को गिफ्ट दिए जा रहे हैं और पुरुषों को जेल में डाला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ एफआईआर झूठी है और पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। अरुण ने अपने वीडियो में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस कहां रह गई, मुझे पता करके बता दो। लोकतंत्र का मजाक बनाया जा रहा है। अरुण यादव का आरोप है कि सपा व राजद के नेताओं के कहने पर उनसे दुश्मन निकाली जा रही है।

अरुण यादव ने कहा कि सपा और आरजेडी के नेताओं ने मेरे खिलाफ साजिश करते हुए कांग्रेस से मिलकर एफआईआर दर्ज करवाई है। मैंने रजत रंजन का वीडियो शेयर किया था और उसका समर्थन किया है।

## रुपया बढ़त पर बंद



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 85.71 पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को भारतीय रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं गत दिवस सुबह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपया शुरुआती कारोबार में 22 पैसे चढ़कर 85.72 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के प्रवाह और सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार से स्थानीय मुद्रा को और बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर खुला। फिर 85.72 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की बढ़त दिखाता है। वहीं रुपया सोमवार को 54 पैसे की भारी गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.94 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 97.29 पर आ गया।

## वैगनआर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी हैचबैक का खिताब जीता



नई दिल्ली । वित्त वर्ष 2025 में मारुति सुजुकी की वैगनआर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी हैचबैक का खिताब हासिल किया है। अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में कंपनी ने वैगनआर सीएनजी की कुल 1,02,128 यूनिट्स की बिक्री की है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि ईंधन की बढ़ती कीमतों और बेहतर माइलेज की चाहत के चलते ग्राहक पारंपरिक पेट्रोल-डीजल के विकल्प के रूप में सीएनजी वाहनों को तेजी से अपना रहे हैं। मारुति की ही इर्टिगा सीएनजी इस दौरान सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी कार रही, लेकिन वैगनआर ने हैचबैक सेगमेंट में सबसे अधिक ग्राहक बटोरे। वैगनआर को इसकी किफायती कीमत, शानदार माइलेज और बेहतर फीचर्स के लिए जाना जाता है। इसमें 1.0 लीटर और 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन विकल्प मिलते हैं, जिसमें सीएनजी वेरिएंट भी उपलब्ध है। कार का दावा है कि सीएनजी पर यह 34 किमी प्रति किलोग्राम तक का माइलेज दे सकती है। इसके अलावा वैगनआर में 7-इंच टचस्क्रीन, 4-स्पीकर म्यूजिक सिस्टम, स्टेयरिंग माउंटेड कंट्रोल और रियर पार्किंग सेंसर जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 5.79 लाख रुपये से शुरू होकर 7.62 लाख रुपये तक जाती है।

## जून 2025 में वाहनों की त्योहार और शादियों ने बढ़ाई मांग

नई दिल्ली । देश में सभी सेगमेंट की ऑटोमोबाइल खुदरा बिक्री जून 2025 में सालाना आधार पर 4.84 प्रतिशत बढ़कर 20.03 लाख यूनिट से ज्यादा हो गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार कि दोपहिया वाहनों की बिक्री 4.73प्रतिशत, तिपहिया वाहनों की 6.68प्रतिशत, पैसेंजर व्हीकल की 2.45प्रतिशत, कमर्शियल व्हीकल की 6.6प्रतिशत, ट्रैक्टरों की 8.68प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट्स की बिक्री 54.95प्रतिशत बढ़ी। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने बताया कि त्योहार और शादी के सीजन ने बिक्री को प्रोत्साहन दिया, लेकिन वित्तीय चुनौतियां, कुछ मॉडलों की सीमित उपलब्धता, शुरुआती मानसूनी बारिश और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता ने खरीद के पैटर्न को प्रभावित किया। विग्नेश्वर ने बताया कि जून में दोपहिया वाहनों की मांग अच्छी रही, जबकि पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में बिक्री में सालाना 2.45प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, हालांकि मासिक आधार पर इसमें 1.49प्रतिशत की गिरावट रही। भारी बारिश और बाजार में नकदी की कमी से ग्राहक कम हुए, जबकि नई बुकिंग और प्रोत्साहन योजनाओं ने आंशिक रूप से सहारा दिया। कुछ डीलरों ने यह भी कहा कि कुछ निर्माता कंपनियों ने वॉल्यूम लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अनिवार्य बिलिंग की प्रक्रिया शुरू की, जिससे इन्वेंट्री स्तर करीब 55 दिन तक पहुंच गया। कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट की बिक्री मासिक आधार पर 2.97प्रतिशत घटी, लेकिन सालाना 6.6प्रतिशत बढ़ी। विग्नेश्वर ने कहा कि मानसून से जुड़ी सुस्ती, सीमित लिक्विडिटी और स्वामित्व लागत में बढ़ोतरी से चुनौतियां बनी रहीं।

## जियो ब्लैकरॉक म्युचुअल फंड बाजार में हलचल मचाने को तैयार

**-ज्वाइंट वेंचर बाजार में अलग प्रोडक्ट पेश करने की बना रही योजना**

Jio | BlackRock

नई दिल्ली। जियो ब्लैकरॉक म्युचुअल फंड बाजार में एंट्री के लिए तैयार है। भारत में इस साल के आखिर तक यह एएमसी करीब एक दर्जन इक्विटी और डेट फंड लॉन्च करने की योजना बना रही है। यह फंड छोटे निवेशकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जाएंगे और लागत कम रखने सीधे निवेशकों तक पहुंचने की स्ट्रैटेजी अपनाई जाएगी। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अरबपति मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और ब्लैकरॉक के इस ज्वाइंट वेंचर की भारत के 72.2 लाख करोड़ रुपए के फंड बाजार में एंट्री एक ऐसे बिजनेस मॉडल के साथ हो रही है जो इस सेक्टर में हलचल पैदा कर सकता है। यह ज्वाइंट वेंचर अपने व्यापक डिजिटल नेटवर्क का इस्तेमाल करके उन पारंपरिक डिस्ट्रीब्यूटर्स को दरकिनार करने की तैयारी में है जिन पर अभी तक बाकी इंडस्ट्री निर्भर रही है। जियो ब्लैकरॉक, भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम नेटवर्क कंपनी जियो और ब्लैकरॉक के इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म 'अलादीन' का इस्तेमाल करके एक भीड़भाड़ वाले बाजार में अलग तरह के प्रोडक्ट पेश करने की योजना बना रहा है। सूत्रों के मुताबिक एसेट मैनेजर ने बाजार नियामक के पास आठ नए फंड लॉन्च करने के लिए आवेदन किया है। ये फंड पिछले महीने लॉन्च किए गए तीन फंडों के अतिरिक्त होंगे। सूत्रों ने बताया कि इन फंडों में न्यूनतम 500 रुपए से निवेश कर सकते हैं। जियो ब्लैकरॉक ने सोमवार को कहा था कि उसने तीन नई डेट म्युचुअल फंड योजनाओं ओवरनाइट, लिक्विड और मनी मार्केट के जरिए 17,800 करोड़ जुटाए हैं। इन फंडों में अब तक 90 संस्थागत निवेशक और 67,000 रिटेल निवेशक पैसा लगा चुके हैं।

# अब ट्रंप ने दी फार्मास्युटिकल उत्पाद पर टैरिफ लगाने की धमकी

**-भारत पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर कई कंपनियां अमेरिका पर निर्भर**



**वाशिंगटन** । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर वैश्विक व्यापार पर आक्रामक नजर आ रहे हैं। पहले उन्होंने कई देशों को निशाना बनाया और अब वे उत्पाद-विशेष पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं। इस बार वह कॉपर और फार्मास्युटिकल उत्पाद पर टैरिफ लगाने की बता कह रहे हैं। ट्रंप ने इन पर क्रमशः 50 फीसदी और 200 फीसदी तक का टैरिफ लगाने की बात कही है, जिसका सीधा असर भारत जैसे देशों पड़ेगा। भारत के लिए यह चिंता की बात है क्योंकि देश का फार्मा उद्योग अमेरिका पर काफी हद तक निर्भर है और कॉपर उत्पादों का भी एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को निर्यात किया जाता है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने करीब 17 हजार करोड़ रुपए के कॉपर और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया, जिनमें से करीब 17 फीसदी यानी 36 करोड़ डॉलर का निर्यात केवल अमेरिका को किया गया। फार्मा सेक्टर की बात करें तो भारत ने अमेरिका को करीब 9.8 अरब डॉलर यानी करीब 86 हजार करोड़ रुपए की दवाओं की आपूर्ति की। यह आंकड़ा इसलिए भी अहम है क्योंकि अमेरिका में उपयोग की जाने वाली करीब 40 फीसदी जेनरिक दवाएं भारत से निर्यात की जाती हैं। ऐसे में अगर प्रस्तावित 200 फीसदी टैरिफ लागू होता है तो इसका असर भारत की दवा कंपनियों पर महसूस पड़ेगा।

भारत की अग्रणी दवा कंपनियों में से ज्यादातर की आय का बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार से आता है। जैसे सन फार्मा की कुल कमाई में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 35 फीसदी है। यह कंपनी जेनरिक, स्पेशल जेनरिक और न्यूरोलॉजिकल दवाओं का अमेरिका को बड़ा निर्यातक है। ऑरोबिंदो फार्मा की आधी आय अमेरिका से आती है और वह वहां एंटीबायोटिक्स, एंटीवायरल और कार्डियोवैस्कुलर दवाओं की आपूर्ति करती है। डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज की 38 से 45 फीसदी आय अमेरिका से होती है और वह जेनरिक के साथ-साथ बायोसिमिलर्स और ओवर-द-काउंटर दवाएं भी वहां भेजती है। ल्यूपिन लिमिटेड की 40 फीसदी कमाई अमेरिका से होती है और हाल ही में इसने वहां एक नई दवा लॉन्च की है।

सिप्ला लिमिटेड की करीब 30 फीसदी आय अमेरिकी बाजार से आती है, जहां वह सांस और एचआईवी जैसी बीमारियों की दवाएं भेजती है। जायडस लाइफसाइंसेज की 45 फीसदी, ग्लैंड फार्मा की 50 फीसदी और ग्लेनमार्क फार्मा की 35 फीसदी कमाई अमेरिका पर आधारित है। वहीं, नैटको फार्मा तो 70 फीसदी तक अमेरिका पर निर्भर है, जो कैंसर और हेपेटाइटिस-सी जैसी बीमारियों की दवाएं वहां भेजती है। टॉरेंट फार्मा की 25-30 फीसदी आय अमेरिका से आती है। इन आंकड़ों से यह साफ होता है कि भारतीय फार्मा कंपनियां अमेरिका के बाजार पर निर्भर हैं। ऐसे में अगर ट्रंप का यह टैरिफ लागू होता है, तो भारत के फार्मा उद्योग को भारी घाटा हो सकता है और यह स्थिति निर्यात संतुलन पर भी असर डाल सकती है।

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली । घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। आज सुबह वायदा कारोबार की शुरुआत कमजोर रही। घरेलू बाजार में आज सोना 96,200 रुपये जबकि चांदी 1,07,800 रुपये के करीब रहा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई हालांकि बाद में इसमें गिरावट आने लगी। इसके अलावा सोना भी गिरावट के साथ ही खुला।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज 279 रुपये की गिरावट के साथ ही 96,193 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 96,472 रुपये था। वहीं एक समय यह अनुबंध 294 रुपये की गिरावट के साथ ही 96,178 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एक समय इसने 96,257 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,157 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे।

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध 96 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,889 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,07,985 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 165 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,820 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 1,07,938 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,07,800 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। वहीं चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा।

दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में गिरावट रही। कॉमेक्स पर सोना 3,310.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,316.90 डॉलर प्रति औंस था। सुबह यह 16.80 डॉलर की गिरावट के साथ ही 3,300.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला। वहीं सोने के वायदा भाव इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.93 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.74 डॉलर था।

## ट्रंप ने 14 देशों को भेजा औपचारिक पत्र, सूची से भारत को रखा बाहर

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि वह भारत के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब पहुंच गए हैं लेकिन उन्होंने प्रस्तावित समझौते के बारे में कोई तारीख या विवरण की जानकारी नहीं दी। ट्रंप का यह बयान उनके द्वारा 14 व्यापारिक भागीदार देशों को औपचारिक पत्र भेजने के बाद आया है। इसमें 1 अगस्त से 25 से लेकर 40 फीसदी तक जवाबी शुल्क लगाने की चेतावनी दी गई है। हालांकि उन्होंने बातचीत की गुंजाइश भी बनाए रखी है।

# एप्पल के नए सीओओ होंगे भारतीय मूल के सबीह खान, सीईओ ने की तारीफ



**क्यूपर्टिनो (एजेंसी)।** आईफोन मेकर एप्पल ने ऐलान किया है कि कंपनी में 30 सालों से काम करने वाले भारतीय मूल के सबीह खान अब एप्पल के नए मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) होंगे। सबीह खान एप्पल में जेफ विलियम्स की जगह लेंगे। जेफ इस साल रिटायर हो रहे हैं। यह नेतृत्व परिवर्तन ऐसे समय में हो रहा है जब एप्पल को आईफोन की बिक्री में गिरावट और टैरिफ संबंधी समस्याओं जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें जेफ विलियम्स 27 सालों से एप्पल के साथ हैं। वे अब अपने रिटायरमेंट तक कंपनी की डिजाइन टीम और परियोजनाओं का नेतृत्व करते रहेंगे। इसके बाद, एप्पल की डिजाइन टीम सीधे सीईओ टिम कुक को रिपोर्ट करेगी। कुक ने विलियम्स के काम की प्रशंसा की और उन्हें एप्पल की सफलता में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया। उन्होंने विलियम्स को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सप्लाई चेन में से एक बनाने, एप्पल वॉच लॉन्च करने, कंपनी की रणनीति को आकार देने और जुनून और प्रतिबद्धता के साथ डिजाइन टीम का नेतृत्व करने का श्रेय दिया।

बता दें सबीह खान 2019 में एप्पल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कंपनी की ग्लोबल सप्लाई चेन के प्रबंधन और खरीद एवं विनिर्माण की देखरेख में अहम भूमिका निभाई है। नए सीओओ के रूप में खान एप्पलकेयर की देखरेख सहित और भी जिम्मेदारियां संभालने की उम्मीद है। कुक ने खान की तारीफ करते हुए कहा कि सबीह एक शानदार रणनीतिकार और एप्पल की सप्लाई चेन के प्रमुख हैं। उन्होंने एडवांस मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी को पेश करने, संयुक्त राज्य अमेरिका में एप्पल के उत्पादन का विस्तार करने और कंपनी को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मजबूत और फ्लेक्सिबल बनाने में मदद की है।

यह बदलाव ऐसे समय में हो रहा है जब एप्पल अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने की रणनीति के तहत अपने कुछ मैन्युफैक्चरिंग कामों को चीन से भारत स्थानांतरित करने पर काम कर रहा है। बता दें सबीह खान ने टफ्ट्स विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की है औार रेनसेलर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

## शुल्क की घोषणा से भारतीय कपड़ा क्षेत्र को होगा लाभ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कपड़ा उद्योग ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के बांग्लादेश सहित कई देशों पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला भारतीय कपड़ा एवं परिधान निर्यातकों के लिए अच्छे संकेत हैं। इससे कीमत के मोर्चे पर भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी और और वे अमेरिका में अपनी पहुंच बढ़ा पाएंगे। कपड़ा उद्योग का शीर्ष निकाय 'कनफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज' (सीआईटीआई) के चेयरमैन राकेश मेहरा ने कहा, हम शुल्क-संबंधी घोषणाओं की प्रगति और उसके क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। यह घोषणा कई देशों से संबंधित हैं जो कपड़ा और परिधान निर्यात क्षेत्र में हमारे प्रतिस्पर्धी हैं।

मेहरा ने कहा, अमेरिका के बांग्लादेश सहित कई देशों पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला भारतीय कपड़ा एवं परिधान निर्यातकों के लिए अच्छे संकेत हैं। इससे कीमत के मोर्चे पर भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी और और वे अमेरिकी में अपनी पहुंच बढ़ा पाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को जापान, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। वहीं दक्षिण अफ्रीका, बोस्निया-हर्जेगोविना पर 30 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, बांग्लादेश, सर्बिया पर 35 प्रतिशत, कम्बोडिया, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत और लाओस और म्यांमा पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाने का ऐलान किया। ये शुल्क एक अगस्त से लागू होंगे।

## आज चार कंपनियों के शेयर एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड करेंगे, निवेशकों की रहेगी खास नजर

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।** डॉ. रेड्डीज़ लैब्स, एलएमडब्ल्यू, डिफ्यूजन इंजीनियर्स और व्हील्स इंडिया के शेयरों पर निवेशकों की खास नजर रहेगी। इन कंपनियों ने अपने शेयरहोल्डर्स को डिविडेंड देने का ऐलान किया है। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक ये स्टॉक्स गुरुवार को एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड करेंगे। एक्स-डिविडेंड डेट वह तारीख होती है, जब से कोई स्टॉक डिविडेंड के अधिकार के बिना ट्रेड करता है। इसलिए डिविडेंड पाने के लिए निवेशकों को यह शेयर एक्स-डिविडेंड डेट से पहले खरीदना जरूरी होता है। कंपनियां रिकॉर्ड डेट के आधार पर डिविडेंड के लिए योग्य शेयरधारकों की सूची बनाती है। डॉ रेड्डीज़ लैबोरेटरीज ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1 रुपए मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 8 रुपए का अंतिम डिविडेंड देने की सिफारिश की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए अंतिम डिविडेंड प्राप्त करने के पात्र सदस्यों के लिए 10 जुलाई यानी गुरुवार को रिकॉर्ड डेट फ़ाइनल किया है। एलएमडब्ल्यू ने 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले शेयर पर 30 रुपए डिविडेंड देने का प्रस्ताव रखा है। यह डिविडेंड 17 जुलाई को होने वाली एजीएम में शेयरधारकों की मंजूरी के बाद मिलेगा। व्हील्स इंडिया ने 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले शेयर पर 7.03 रुपए यानि 70.3 फीसदी फाइनल डिविडेंड की घोषणा की है। एजीएम में मंजूरी के बाद डिविडेंड 15 अगस्त 2025 तक दिया जाएगा। रिकॉर्ड डेट 10 जुलाई है। डिफ्यूजन इंजीनियर्स ने 10 रुपए के फेस वैल्यू पर 1.50 रुपए प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड घोषित किया है। यह डिविडेंड 22 जुलाई को होने वाली एजीएम में शेयरधारकों की मंजूरी के बाद मिलेगा। डिविडेंड एजीएम के 30 दिनों के अंदर भुगतान किया जाएगा। कंपनी ने रिकॉर्ड डेट 10 जुलाई तय की है। इसके अलावा, फाइज़र, एमफेसिस, एलीगेंट मार्बल्स एंड ग्रानी इंडस्ट्रीज़, जॉनसन कंट्रोल्स-हिटाची, काबरा एक्सट्रूज़नटेक, एसजेएस एंटरप्राइज़ेस, एसएमएल इसुजु और सुंदरम फाइनेंस के शेयर भी आज एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड कर रहे हैं और निवेशकों के फोकस में रहेंगे।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**- सेंसेक्स 176.43 , निफ्टी 46.40 अंक टूटा**



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई का सेंसेक्स 176.43 अंक टूटकर 83,536.08 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 46.40 अंकों की गिरावट के साथ ही 25,476.10 अंकों पर बंद हुआ। बाजार में इस गिरावट का एक कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बह बयान है जिसमें उन्होंने कहा है कि एक अगस्त से टेरिफ लगाया जाएगा। इससे निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे घरेलू बाजार पर दबाव आया। आज सुबह भी बाजार की कमजोर शुरुआत हुई और ये सिलसिला दिन भर जारी रहा।

आज सेंसेक्स की 30 में से 13 कंपनियों के शेयर ही ऊपर आये जबकि शेष 17 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए । इसी प्रकार 50 शेयरो वाले एनएसई निफ्टी की 21 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए शेष 29 कंपनियों के शेयर नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 1.40 फीसदी उछले जबकि एचसीएल टेक के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.03 फीसदी गिरे।

सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 1.26 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.90 फीसदी, पावरग्रिड 0.62 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.57 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.49 फीसदी, आईटीसी 0.48 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.45 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.36 फीसदीकी तेजी के साथ बंद हुए।

वहीं टाटा स्टील के शेयरों में 1.76 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.39 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.28 फीसदी, बीईएल 1.01फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.77 फीसदी, एलएंडटी 0.66फीसदी, टीसीएस 0.65 फीसदी, ट्रेंट 0.61 फीसदी, भारती एयरटेल 0.51 फीसदी, सनफार्मा 0.50 फीसदी, नीचे आये।

आज बीएसई मिडकैप इंडेक्स स्थिर रहा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी बढ़ा। वहीं क्षेत्रीय स्तर पर, एफएमसीजी, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि मेटल और रियल्टी में एक-एक फीसदी से अधिक की गिरावट आई। जियो का आईपीओ 2025 से आगे खिसकने से रिलायंस के शेयरों में 2 फीसदी की गिरावट आई। ट्रंप के भारत के लिए प्रमुख निर्यात श्रेणी, फार्मास्यूटिकल्स के आयात पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से भी बाजार नीचे आया है।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स आज सुबह 90 अंक के करीब नीचे आकर 83,625.89 अंक पर खुला। सुबह यह 114.39 अंक करीब 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 83,598.12 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी हल्की गिरावट के साथ ही 25,514.60 अंक पर खुला।

वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई इंडेक्स 0.18 फीसदी ऊपर आया जबकि टोपिक्स इंडेक्स में 0.19 फीसदी की तेजी दर्ज की गयी। दक्षिण कोरिया का कोस्पी भी 0.19 फीसदी ऊपर आया। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.59 फीसदी गिरा। निवेशक अब चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रख रहे हैं। इसमें जून महीने की महंगाई और उत्पादक मूल्य शामिल है। जून में चीन की उपभोक्ता महंगाई 0.10 फीसदी रही, जबकि मई में यह 0.10 फीसदी की गिरावट पर थी। हालांकि, उत्पादक कीमतों में सालाना आधार पर 3.6 फीसदी की गिरावट आई, जो अनुमानित 3.2 फीसदी से ज्यादा और मई की 3.3 फीसदी गिरावट से भी गहरी रही। दूसरी ओर वॉल स्ट्रीट में बाजार स्थिर बने रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.07 फीसदी नीचे आकर 6,225.52 पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट 0.03 फीसदी ऊपर आकर 20,418.46 पर बंद हुआ। डॉव जोन्स 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ 44,240.76 पर बंद हुआ।

# टाटा संस की टाटा केपिटल में हिस्सेदारी 93 फीसदी, वैल्यू 98,178 करोड़ हुई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप की टाटा संस के पास अपनी फाइनेंशियल सर्विस कंपनी टाटा केपिटल में 93 फीसदी हिस्सेदारी है। इस हिस्सेदारी की वैल्यू करीब 98,178 करोड़ रुपए यानी करीब 11.4 अरब डॉलर है। टाटा केपिटल की यह वैल्यू मार्च में हुए राइट्स इश्यू के आधार पर निकाली गई है, जिसमें प्रति शेयर की कीमत 281 रुपए रखी गई थी। टाटा केपिटल के 2025 की सालाना रिपोर्ट में इसकी कुल इक्विटी वैल्यू 1.05 लाख करोड़ रुपए बताई गई है, जिसके आधार पर यह भारत की टॉप 10 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में आठवें स्थान पर है।

टाटा संस अब टाटा केपिटल में अपनी 18 फीसदी तक हिस्सेदारी को आईपीओ के जरिए बेचने की तैयारी में कर रहा है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस आईपीओ से टाटा संस को 17,672 करोड़ रुपए हासिल हो सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए सेबी के पास गोपनीय तरीके से आईपीओ का आवेदन दिया था, जिसे मंजूरी कर लिया गया है। टाटा केपिटल को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 'अपर लेयर' के रूप में वर्गीकृत किया है, जिसके नियमों के तहत सितंबर तक इसे पब्लिक लिस्टिंग करानी होगी। टाटा संस के अलावा टाटा केपिटल के शेयरधारकों में इसके कर्मचारी और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन शामिल हैं।

टाटा संस को इस समय नकदी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। 2025 में इसकी डिविडेंड आय और शेयर बायबैक से होने वाली कमाई 3.5 फीसदी घटकर 36,514 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो पिछले साल 37,832 करोड़ रुपए थी। यह करीब एक दशक में पहली बार ऐसी कमी देखी गई है। साल 2024 में टाटा संस की स्टैंडअलोन ऑपरेटिंग आय 25 फीसदी बढ़कर 43,767 करोड़ हो गई थी, जिसमें 95 फीसदी हिस्सा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के डिविडेंड और बायबैक से आया था, लेकिन 2025 में टीसीएस से डिविडेंड आय 34,053 करोड़ से घटकर 32,722 करोड़ रहने की उम्मीद है। इस बीच, टाटा संस जो अब कर्ज मुक्त है और अपर लेयर के रूप में वर्गीकृत है उसने आरबीआई से इस वर्गीकरण से बाहर निकलने के लिए आवेदन किया है, जो अभी लंबित है। बता दें जून में टाटा केपिटल ने 1,752 करोड़ का दूसरा राइट्स इश्यू मंजूर किया, जिसमें टाटा संस 1,630 करोड़ का अतिरिक्त निवेश कर सकती है।

# एमसीसी संग्रहालय में सचिन तेंदुलकर के पोर्ट्रेट का अनावरण

**उपलब्धि**

- **तेंदुलकर ने भारत के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 34,357 रन बनाए**

**लंदन, एजेंसी।** लॉर्ड्स में इंग्लैंड बनाम भारत पुरुष रोथसे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरूवार को खेल शुरू होने से पहले एमसीसी संग्रहालय में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र का अनावरण किया गया। कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाया गया यह चित्र इस साल के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा, जब इसे पवेलियन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

तेंदुलकर अब तक के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं। 1989 से 2013 तक 24 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में, तेंदुलकर ने भारत के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 34,357 रन बनाए। यह कुल स्कोर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज कुमार संगकारा (28,016) से 6,000 रन से ज्यादा है। यह चित्र कलाकार द्वारा 18 साल पहले मुंबई स्थित तेंदुलकर के घर में ली गई एक तस्वीर से लिया गया है। जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंततः घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल से चित्रकारी की गई। अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी भी युग या विशिष्ट स्थान से अप्रतिबंधित है।



एमसीसी के संग्रह में किसी भारतीय खिलाड़ी का यह पांचवां चित्र है, जिनमें से चार (कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, दिलीप वेंगसरकर और तेंदुलकर) पियर्सन राइट द्वारा चित्रित किए गए हैं। पिछली पेंटिंग्स, जो पूरी लंबाई की थीं, के विपरीत, तेंदुलकर का यह चित्र उनके सिर और कंधों का एक विशाल चित्र है। लॉर्ड्स पोर्ट्रेट कार्यक्रम अपने वर्तमान स्वरूप में तीन दशकों से चल रहा है, लेकिन एमसीसी विक्टोरियन काल से ही कला और कलाकृतियों का संग्रह करता आ रहा है, और 1950 के दशक में एक समर्पित संग्रहालय खोलकर इसे यूरोप का सबसे पुराना खेल संग्रहालय बना दिया। लॉन्ग रूम गैलरी खेल जगत की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित गैलरी है। क्लब में वर्तमान में लगभग 3,000 चित्र हैं, जिनमें से लगभग 300 पोर्ट्रेट हैं।

सचिन तेंदुलकर ने कहा, 'यह बहुत बड़ा सम्मान है। 1983 में, जब भारत ने विश्व कप जीता था, तब लॉर्ड्स से मेरा पहला परिचय हुआ था। मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा था। उस पल ने मेरे क्रिकेट के सफर को गति दी। आज, जब मेरा चित्र पवेलियन में लगाया जा रहा है, तो ऐसा लग रहा है जैसे जिंदगी का एक चक्र पूरा हो गया हो। जब मैं अपने करियर के बारे में सोचता हूँ, तो मेरे चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह वाकई खास है।'

पियर्सन राइट ने कहाः 'यह स्पष्ट था कि एमसीसी नहीं चाहता था कि यह पोर्ट्रेट मेरे द्वारा बनाए गए पिछले भारतीय क्रिकेट चित्रों के समान प्रारूप में हो, इसलिए इस चित्र के साथ एक नया दृष्टिकोण अपनाया गया। मैंने एक ऐसी रचना का फैसला किया जो सचिन के सिर पर ज्यादा केंद्रित हो और साथ ही चित्र को गंभीरता और शक्ति का एहसास देने के लिए एक विशाल आकार का भी इस्तेमाल किया।'

"मैंने अक्सर किसी आंतरिक या बाहरी स्थान का चित्रण करने के बजाय, अमूर्त पृष्ठभूमि, अक्सर सादे रंग में, चित्र बनाए हैं। ऐसा मुख्यतः विषय की विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित करने और उस संदर्भ को कम करने के लिए किया जाता है जो किसी न किसी रूप में विषय को परिभाषित कर सकता है। एमसीसी संग्रह और कार्यक्रम प्रबंधक, चार्लोट गुडह्यू ने कहाः "हमें लॉर्ड्स में अपने चित्र संग्रह को निरंतर बढ़ाने पर बहुत गर्व है और हमारे चित्रों के लिए प्रसिद्ध विषयों के नामों में सचिन तेंदुलकर जैसे महान व्यक्तित्व को शामिल करना अद्भुत है।' "सचिन खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं और भारत में एक आदर्श हैं, इसलिए इंग्लैंड और भारत के बीच पुरुष टेस्ट मैच के दौरान एमसीसी संग्रहालय में उनके चित्र का अनावरण करना बहुत रोमांचक है, जिससे हजारों क्रिकेट प्रशंसकों को इस चित्र को करीब से देखने का मौका मिलेगा।

## लॉर्ड्स टेस्ट की शुरुआत में तेंदुलकर ने पांच मिनट तक बजाई 'ऐतिहासिक घंटी'

लंदन, एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से लॉर्ड्स में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट की शुरुआत हुई। सचिन तेंदुलकर ने लॉर्ड्स टेस्ट की शुरुआत से पहले पांच मिनट तक प्रतिष्ठित घंटी बजाई। सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद दर्शकों को नमस्ते करने और फिर उनका अभिवादन स्वीकार करने के बाद पांच मिनट तक घंटी बजाई। इसके बाद सचिन तेंदुलकर ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ बातचीत करते नजर आए। लॉर्ड्स में किसी भी टेस्ट से पहले घंटी बजाने की परंपरा 2007 से शुरू हुई थी। सचिन से पहले सुनील



गावस्कर, सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गज भारतीय इस परंपरा को निभा चुके हैं। मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा था कि तेंदुलकर लॉर्ड्स में पहली बार उसी दिन घंटी बजाएंगे, जिस दिन एमसीसी संग्रहालय में कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाए गए उनके चित्र अनावरण किया जाएगा। इसके बाद संस्था ने कहा कि ब्रिटिश कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाया गया तेंदुलकर का चित्र संग्रहालय में ही रहेगा और इस साल के अंत में उसे पवेलियन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। साल 2013 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले तेंदुलकर को सर्वकालिक महानतम बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। मुंबई के इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने तीनों प्रारूपों में 34,357 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाने वाले वह एकमात्र बल्लेबाज हैं। लॉर्ड्स टेस्ट की बात करें तो दोनों ही टीमें गेंदबाजी में बड़े बदलाव के साथ उतरी हैं। इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। आर्चर ने चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। इंग्लैंड ने जोश टंग को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा है। वहीं, भारतीय टीम ने जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। प्रसिद्ध कृष्णा को टीम से बाहर रखा गया है।

## संक्षिप्त

### हॉकी : शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित घोषित

बेंगलुरु, एजेंसी। सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ी घोषित किए। यह 14 जुलाई से सात अगस्त तक यहां साई केंद्र में आयोजित किया जाएगा। इसमें दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों (ऑस्ट्रेलिया दौरे और 29 अगस्त से सात सितंबर तक राजगीर में होने वाले एशिया कप) की तैयारी की जाएगी। एशिया कप का विजेता अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा। यूरोप में प्रो लीग 2024-25 के निराशाजनक अभियान के बावजूद कोचिंग स्टाफ का ध्यान आगामी टूर्नामेंटों से पहले लय हासिल करने और महत्वपूर्ण विभागों में सुधार करने पर लगा है। संभावित खिलाड़ी : गोलकीपरः कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, पवन, मोहित एचएस।

### यूरोप दौराः भारत ए की एक और धमाकेदार जीत

आइंडहोवन (नीदरलैंड्स), एजेंसी। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और धमाकेदार जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने गुरुवार को आयरलैंड को लगातार दूसरे मुकाबले में 6-0 से करारी शिकस्त दी। शुरुआती मुकाबले में भारत ने इसी टीम को 6-1 से हराकर शानदार आगाज किया था। टीम का शनिवार को तीसरे मुकाबले में फ्रांस से सामना करेगी। उत्तम सिंह ने भारत का खाता खोला। कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी। हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं।

### बेटियों ने पहली बार इंग्लैंड में जीती सीरीज

मैनचेस्टर, एजेंसी। तीन साल पहले (2022) में वनडे में इंग्लैंड का सफाया करने के बाद बेटियों ने पहली बार अंग्रेजों को उनके घर में पटखनी देकर टी-20 सीरीज जीतकर एक और सुनहरा अध्याय भारतीय महिला क्रिकेट में जोड़ दिया। भारत ने यह कामयाबी अगले साले इंग्लैंड में ही होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले हासिल की है। जीत यह हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली रहेगी। राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) की अगुआई में भारतीय स्पिनरों ने बुधवार को चौथे टी-20 में इंग्लैंड को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। फिर लक्ष्य 18 गेंद रहते चार विकेट पर 127 रन बनाकर हासिल कर लिया। छह विकेट की इस जीत के टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है।

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट का आगाज 19 नवंबर से होगा

नई दिल्ली, एजेंसी। संन्यास ले चुके क्रिकेटरों की फ्रेंचाइजी आधारित टी 20 प्रतियोगिता लीजेंड्स लीग क्रिकेट का चौथा सत्र 19 नवंबर से 13 दिसंबर तक भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थलों और कार्यक्रम के साथ ही टीमों की संरचना और प्रमुख खिलाड़ियों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में शिखर धवन, सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला और रॉस टेलर जैसे खिलाड़ियों ने भाग लिया था। लीग के चेयरमैन विवेक खुशालानी ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इस साल, हम ज्यादा मैचों, आयोजन स्थलों और दिग्गज खिलाड़ियों के बड़े पूल के साथ इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं।

# फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 : रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर फाइनल में पीएसजी

**न्यू जर्सी, एजेंसी।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने रियल मैड्रिड को 4-0 से शिकस्त देकर फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पीएसजी की जीत के हीरो फाबियन रुइज रहे, जिन्होंने दो गोल दागे। यह मुकाबला मेटलाइफ स्टेडियम में गुरुवार (भारतीय समयानुसार) को खेला गया।




अब पीएसजी की टीम खिताबी मुकाबले में इंग्लिश क्लब चेल्सी से भिड़ेगी, जिसने सेमीफाइनल में फ्लुमिनेंस को 2-0 से हराया है। भारत में इस फाइनल मैच की शुरुआत 14 जुलाई को रात 12 बजकर 30 मिनट पर होगी।

रियल मैड्रिड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में लुइस एनरिके की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल अपनाते हुए दबदबा बनाए रखा। मुकाबले के छठे मिनट फाबियन रुइज ने गोल दागकर पीएसजी को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद ओउस्माने डेम्बेले ने 9वें मिनट में गोल करते हुए टीम को 2-0 से बढ़त में ला दिया। बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड ने 2025 में अपने क्लब के लिए 33 मैचों में 27 गोल दागे हैं। 27वें मिनट फाबियन रुइज ने एक और गोल करते हुए पीएसजी के फैंस को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया।

यहां से रियल मैड्रिड की टीम पर काफी दबाव था, लेकिन मैड्रिड गोल करने में कामयाब नहीं हुई। 87वें मिनट गोंसालो रामोस ने भी गोल करते हुए अपना खाता खोला और पीएसजी को 4-0 से लीड दिला दी। पीएसजी की टीम इससे पहले लीग-1, कप डे फ्रांस और यूईएफए चैंपियंस लीग अपने नाम कर चुकी है।

फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत साल 2000 में हुई थी। यह टूर्नामेंट हर साल आयोजित होता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम का फैसला करना है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में रचा इतिहास

**टी20 सीरीज**

- **भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में दो या उससे अधिक मुकाबलों की टी20 सीरीज अपने नाम की**

## टी20 सीरीज पर जमाया कब्जा




**मैनचेस्टर, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में दो या उससे अधिक मुकाबलों की टी20 सीरीज अपने नाम की है।

भारत ने इंग्लैंड में पहली बार साल 2006 में टी20 क्रिकेट खेला था। इस दौरान सिर्फ एक ही टी20 मैच खेला गया, जिसमें भारत ने आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत-इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज का यह मुकाबला मैनचेस्टर में खेला गया, जिसमें इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

इंग्लैंड को अपना ही निर्णय भारी पड़ गया। टीम ने 21 के स्कोर पर डेनियल व्याट-हॉज (5) का विकेट खो दिया। इसके बाद टीम ने निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाए। मेजबान टीम निर्धारित ओवरों तक सात विकेट खोकर महज 126 रन बना सकी। इस टीम के लिए सोफिया डंकले ने 19 गेंदों में सर्वाधिक 22 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए। भारत की ओर से श्री चरणी और राधा यादव को दो-दो विकेट हाथ लगे, जबकि अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

इसके जवाब में भारतीय टीम ने तीन ओवर शेष रहते मुकाबला जीत लिया। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के बीच सात ओवरों में 56 रन की साझेदारी हुई। शेफाली ने 19 गेंदों में 31 रन बनाए, जबकि मंधाना ने 31 गेंदों में 32 रन टीम के खाते में जोड़े। भारत 69 के स्कोर तक अपनी सलामी जोड़ी गंवा चुका था। यहां से जेमिमा रोड्रिगेज ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को जीत की दहलीज पर ला दिया।

हरमनप्रीत कौर ने 25 गेंदों में 26 रन की पारी खेली, जिसमें तीन चौके शामिल रहे, जबकि जेमिमा ने 22 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से चार्लोट डीन, सोफी एक्लेस्टोन और ईसी वोंग ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। भारत पांच मुकाबलों की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना चुका है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 12 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा।

# एमएलसी 2025 : यूनिकॉर्न्स को हराकर क्वालीफायर-2 में एमआई न्यूयॉर्क

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के एलिमिनेटर मैच में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को दो विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ टीम ने क्वालीफायर-2 में अपनी जगह बना ली है, जहां उसका सामना टेक्सास सुपर किंग्स से होगा। डलास में खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सैन फ्रांसिस्को की टीम 19.1 ओवरों में 131 रन पर सिमट गई। टीम 62 के स्कोर तक अपने सात विकेट गंवा चुकी थी। इस बीच कूपर कोनोली ने 19 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 23 रन बनाए।



इसके बाद जेवियर बार्टलेट ने ब्रूडी काउच के साथ आठवें विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की, जिसने टीम को संकट से बाहर निकाला। बार्टलेट ने 24 गेंदों में 44 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल रहे। वहीं, काउच ने 19 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की ओर से रुशिल उगरकर ने सर्वाधिक तीन शिकार किए, जबकि ट्रेंट बोल्ट और नोस्टुश केंजीगे को दो-दो विकेट हाथ लगे।

इसके जवाब में एमआई न्यूयॉर्क ने 19.3 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। मोनांक पटेल और क्विंटन डी कॉक के बीच पहले विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी हुई। मोनांक पटेल ने 32 गेंदों में दो छक्कों के साथ 33 रन जड़े, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 24 गेंदों में इतने ही रन की पारी खेली। इनके अलावा माइकल ब्रेसवेल ने 18 और ट्रेंट बोल्ट ने नाबाद 22 रन बनाए।

सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से हसन खान ने सर्वाधिक चार विकेट झटके, जबकि कप्तान मैथ्यू शॉर्ट को तीन विकेट हाथ लगे। टेक्सास सुपर किंग्स और वाशिंगटन फ्रीडम के बीच क्वालिफायर-1 बारिश के चलते रद्द हुआ था, जिसके बाद वाशिंगटन फ्रीडम ने फाइनल में जगह बना ली थी। ऐसे में क्वालिफायर-2 जीतने वाली टीम फाइनल में फ्रीडम से भिड़ेगी।

# पीएसजी से मिली हार के बाद लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड को कहा अलविदा

**ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के हाथों 0-4 की करारी हार रियल मैड्रिड के दिग्गज मिडफील्डर लुका मोड्रिक के लिए विदाई का पल साबित हुई। यह मैच रियल मैड्रिड के लिए मोड्रिक का आखिरी मुकाबला था।

39 वर्षीय क्रोएशियाई स्टार मोड्रिक ने 2012 में रियल मैड्रिड का दामन थामा था और इसके बाद क्लब के साथ उन्होंने 28 प्रमुख खिताब अपने नाम किए। इनमें छह यूएफा चैंपियंस लीग, चार ला लीगा और दो कोपा डेल रे खिताब शामिल हैं। इस उपलब्धि के साथ मोड्रिक रियल मैड्रिड के इतिहास में सबसे अधिक ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

मोड्रिक न सिर्फ क्लब के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि रियल मैड्रिड के लिए सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। पीएसजी के खिलाफ अपने आखिरी मैच में मोड्रिक 63वें मिनट में जूड बेलिंघम की जगह मैदान पर उतरे।

**विंबलडन 2025**

## दूसरे सेट में जोकोविच ने अपना अनुभव दिखाया और कोबोली की गलतियों का फायदा उठाकर 6-2 से सेट अपने नाम किया

# नोवाक जोकोविच ने रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में बनाई जगह

**लंदन, एजेंसी।** अनुभवी सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर अपना दबदबा दिखाते हुए इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-7(6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर विंबलडन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह जोकोविच का ऑल इंग्लैंड क्लब में रिकॉर्ड 14वां सेमीफाइनल है।

38 वर्षीय जोकोविच अब रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए आठवीं बार विंबलडन खिताब जीतने और ग्रैंड स्लैम की कुल संख्या 25 तक पहुंचने की ओर अग्रसर हैं। सेमीफाइनल में उनका सामना टॉप सीड जैनिक सिनर से होगा, जबकि खिताबी भिड़ंत में उनका सामना कार्लोस अल्कराज या टेलर फ्रिट्ज से हो सकता है।



मैच के बाद जोकोविच ने कहा, बहुत सारे आंकड़े हैं, जो मेरे दिमाग में घूम रहे हैं। विंबलडन हमेशा मेरे लिए सबसे खास टूर्नामेंट रहा है। यह मेरे करियर का एक बड़ा हिस्सा है और आज भी 38 की उम्र में यहां प्रतिस्पर्धा कर पाना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने आगे कहा, आज कोबोली जैसे युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना मुझे भी युवा महसूस कराता है। अब मैं सिनर के खिलाफ खेलूंगा और यह शानदार मुकाबला होगा।

22वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली ने पहले सेट में शानदार वापसी करते हुए 3-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार शॉट लगाए और टाईब्रेक में पहला सेट 7-6(6) से अपने नाम किया। पूर्व रोमा फुटबॉल खिलाड़ी कोबोली ने बाद में टेनिस को अपना करियर चुना और आज उन्हीं के आदर्श जोकोविच के खिलाफ कोर्ट में डटे रहे।

जोकोविच ने कोबोली की तारीफ करते हुए कहा, कोबोली को इस शानदार टूर्नामेंट और आज के संघर्ष के लिए बधाई। उन्होंने बहुत ही ऊंचे स्तर का खेल दिखाया। सबसे ज्यादा मुझे उनकी सर्विस ने चौंकाया।

दूसरे सेट में जोकोविच ने अपना अनुभव दिखाया और कोबोली की गलतियों का फायदा उठाकर 6-2 से सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में 6-5 की बढ़त लेने के बाद उन्होंने मुकाबले पर पकड़ मजबूत कर ली। चौथे सेट में सूर्यास्त की रोशनी में जोकोविच ने ब्रेक प्वाइंट हासिल किए, लेकिन मौके गंवाने के बाद वह गुस्से में खुद के जूते पर रैकेट से मारते नजर आए। हालांकि, आखिरी क्षणों में कोर्ट पर फिसलने के बावजूद, उन्होंने वापसी करते हुए जीत की मुहर लगा दी।

मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं फिसल गया था और वो क्षण थोड़ा अजीब था, लेकिन मैंने खुद को संभाला और मैच को समाप्त करने में सफल रहा। इस जीत के साथ नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर के विंबलडन सेमीफाइनल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, अपने 52वें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया — जो अपने आप में एक नया इतिहास है।

# 'बैटल ऑफ गलवान' का मोशन पोस्टर जारी



सलमान खान की नेक्स्ट मच अवेटेड फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्टर को शेयर करते हुए, कैप्शन में गलवान वैली लिखा है। 'बैटल ऑफ गलवान' के पोस्टर में वो बिल्कुल नए अवतार में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में सलमान का चेहरा खून में लथपथ है। वो बड़ी मूंछें के साथ गुस्से में दिख रहे हैं। बैकग्राउंड में बर्फ से ढके पहाड़ नजर आ रहे हैं। ये फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई खतरनाक झड़प पर **आधारित है। जो बिना एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी।** ये जंग 15,000 फीट **की** ऊंचाई पर लड़ी गई थी। इस फिल्म **को** सलमान खान फिल्म्स प्रोड्यूस और अपूर्व लाखिया डायरेक्ट करेंगे। **इसमें सलमान के अपोजिट अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह नजर** आएंगी। साथ ही फिल्म में कई नए चेहरे भी दिखेंगे। फिल्म में सलमान कर्नल बी.संतोष बाबू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया देने वाले हैं। सलमान के पोस्ट पर उनके फैंस अब जमकर प्यार लुटा रहे हैं। उन्हें एक्टर का इंटेंस लुक काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा- 'उम्मीद है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बर्फीला तूफान लाएगी'। वहीं एक अन्य यूजर ने कहा कि उनसे अब इंतजार नहीं हो रहा है। साल 2020 में लद्दाख के गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक खतरनाक झड़प हुई थी।

**गलवान की ऐतिहासिक जंग पर आधारित है फिल्म**

# विदेश में रश्मिका को लेकर दिखी दीवानगी



रश्मिका मंदाना की फैन फॉलोइंग देश ही नहीं विदेश में भी खूब है। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह पेरिस ट्रिप पर अपने कुछ फैंस से मिलीं। फैंस रश्मिका को देखकर काफी खुश नजर आए। रश्मिका मंदाना के भारतीय फैंस उन्हें नेशनल क्रश मानते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं रश्मिका हाल ही में पेरिस में नजर आईं। एक्ट्रेस का पेरिस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस रश्मिका को लेकर अपनी दीवानगी दिखा रहे हैं।

● **रश्मिका को 'लव यू' कहते दिखे फैंस :** सोशल मीडिया पर रश्मिका का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें रश्मिका के कुछ फैंस उनकी फोटो ले रहे हैं। एक्ट्रेस के नाम का ले रहे हैं। कई फैंस- 'लव यू रश्मिका' भी कहते थे। इस प्यार को देखकर रश्मिका का चेहरा भी खिल उठा।

● **एक्ट्रेस ने भी लुटाया फैंस पर प्यारः** वायरल वीडियो में फैंस की दीवानगी देखकर रश्मिका ने भी उन पर प्यार लुटाया। हाथों से हार्ट साइन बनाया। वह फैंस से मिले प्यार, अपनेपन के लिए शुक्रिया कहती भी दिखीं। इस वायरल वीडियो पर यूजर्स ने भी रिएक्ट किया है।

**रश्मिका एक साउथ फिल्म 'गर्लफ्रेंड' में नजर आएंगी, इसमें वह विजय देवरकोंडा के अपोजिट हैं**

● **इन फिल्मों में नजर आएंगी रश्मिका मंदानाः** रश्मिका हाल ही में रिलीज हुई साउथ फिल्म 'कुबेर' में नजर आईं। इन दिनों वह एक बॉलीवुड फिल्म 'थामा' की शूटिंग भी कर रही हैं। इस फिल्म में वह आयुष्मान खुराना के अपोजिट नजर आएंगी। साथ ही रश्मिका एक साउथ फिल्म 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आएंगी, इसमें वह विजय देवरकोंडा के अपोजिट हैं। असल जिंदगी में भी उनका नाम विजय देवरकोंडा के साथ जोड़ा जा रहा है, दोनों के डेट करने की खूब चर्चा है। कई मौकों पर दोनों को साथ भी देखा जाता है, मगर अब तक रश्मिका और विजय ने अपना रिश्ता पब्लिकली स्वीकार नहीं किया है।



# कैमरों से बचते-बचाते क्लीनिक पहुंचीं मॉम टू बी कियारा आडवाणी

बॉलीवुड की फेवरेट जोड़ियों में से एक कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी जिंदगी के सबसे खास दौर से गुजर रहे हैं। ये कपल जल्द ही पेरेंट बनने वाला है और इसी बीच मॉम टू बी कियारा पति सिद्धार्थ संग स्पॉट हुई हैं। मुंबई के बांद्रा इलाके में शुक्रवार को कियारा और सिद्धार्थ को एक क्लीनिक के बाहर देखा गया, जहां दोनों मीडिया से बचते हुए नजर आए। खास बात यह रही कि कियारा ने अपना बेबी बंप छिपाने की पूरी कोशिश की। रेड शर्ट और मास्क पहने कियारा काफी सिंपल लुक में दिखीं, लेकिन उनके चेहरे की चमक और बॉडी लैंग्वेज ने फैंस को बहुत कुछ कह दिया। कियारा और सिद्धार्थ ने फरवरी 2023 में शादी की थी। शादी के बाद से ही फैंस को इस कपल से गुड न्यूज़ का इंतजार था और अब जब वो समय नजदीक आ रहा है, तो फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कियारा की ड्यू डेट अक्टूबर और नवंबर 2025 के बीच की है। कियारा इन दिनों एक्टिंग से ब्रेक पर हैं ताकि वो अपनी प्रेग्नेंसी को पूरी तरह से एंजॉय कर सकें।

# OTT के दौर में आमिर खान ने चुना थिएटर

आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' शानदार प्रदर्शन कर रही है। देशभर में इसने 100 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इसमें आमिर का किरदार एक कोच का है। गौरतलब है कि कई फिल्ममेकर आजकल अपनी फिल्में सीधे ओटीटी पर रिलीज कर रहे हैं, लेकिन आमिर ने इसे सिनेमाघरों में लाने का फैसला किया। इस फैसले की सराहना देशभर के सिनेमाघर मालिकों और एग्जिबिटर्स ने की। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त प्रदर्शन रहा है। इसने न सिर्फ आमिर की सेंसिटिव स्टोरीटेलिंग को फिर से साबित किया है, बल्कि थिएटर में परिवार के साथ देखने वाली फिल्मों की अहमियत को भी एक बार फिर सामने रखा है। फिल्म की जबरदस्त कामयाबी का जश्न मनाने के लिए मल्टीप्लेक्स एग्जिबिटर्स की तरफ से एक खास इवेंट रखा गया, जिसमें आमिर खुद शामिल हुए। इस इवेंट के दौरान जब एग्जिबिटर्स ने आमिर को सम्मान के तौर पर छोटी-छोटी यादगार चीजें भेंट कीं। बता दें कि 'सितारे जमीन पर' का निर्देशन आर. एस. प्रसन्ना ने किया है। इसे आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म स्पेन की 2018 की मूवी चैम्पियंस का आधिकारिक रीमेक है। PVR सिनेमा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, जब सितारे एक साथ आते हैं, तो जादू होता है! फिल्म में एक सस्पेंड किए गए बास्केटबॉल कोच की कहानी है जिसे समाज सेवा के तौर पर दिव्यांग खिलाड़ियों की टीम तैयार करनी होती है। वह उन बच्चों की टीम तैयार करता है जिन्हें डाउन सिंड्रोम है। सिनेमाघरों में यह 20 जून 2025 को रिलीज हुई।



# न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में दिखी फिल्म 'रामायण' की भव्य झलक

**नई फिल्म**

भारतीय सिनेमा की मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'रामायण' की पहली झलक गुरुवार को मिली। 3 जुलाई को देश के 9 बड़े शहरों में भव्य तरीके से पेश किए जाने के बाद, अब इस मेगा प्रोजेक्ट ने अमेरिका के न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में जगह बना ली है। टाइम्स स्क्वायर पर रणबीर कपूर के राम और यश के रावण के विशाल पोस्टर चमके, तो वहां मौजूद हर कोई देखने के लिए रुक गया।

● **'रामायण' का ग्लोबल लॉन्चः** रामायण का ये ग्लोबल लॉन्च भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के इतिहास में एक ऐतिहासिक मोड़ की तरह देखा जा रहा है। फिल्म को सिर्फ एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक ग्लोबल इवेंट की तरह प्लान किया गया है। इसकी भव्यता और स्केल ने ये साबित कर दिया है कि भारतीय पौराणिक कथाएं भी विश्वस्तर पर अपनी गूंज छोड़ सकती हैं।

इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं नीतेश तिवारी, जिन्होंने पहले दंगल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं नमित मल्होत्रा, जो ऑस्कर-विजेता प्रोड्यूसर हैं और 'ड्यून', 'ओपेनहाइमर', 'इंटरस्टेलर' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

**"विदेश में भी छाया रणबीर-यश का लुक"**

● **पहली बार साथ आ रहे हांस जिमर और ए आर रहमानः** इतना ही नहीं, फिल्म का म्यूजिक भी किसी कमाल से कम नहीं होगा। पहली बार बॉलीवुड में हॉलीवुड के लीजेंडरी कंपोजर हांस जिमर और ए आर रहमान साथ आ रहे हैं। वहीं, फिल्म के एक्शन सीन को कोरियोग्राफ कर रहे हैं गाय



नॉरिस, जिन्होंने 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' जैसे जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस डिजाइन किए हैं।

● **कब रिलीज होगी फिल्म ?:** फिल्म को आईमैक्स फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा, जिससे दर्शकों को सिनेमाघरों में एक जबरदस्त विजुअल एक्सपीरियंस मिलेगा। रामायण को दो भागों में रिलीज किया जाएगा — पहला पार्ट दिवाली 2026 में आएगा और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में रिलीज किया जाएगा।

● **रामायण की स्टारकास्टः** इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे,साई पल्लवी सीता के रूप में,यश निभाएंगे रावण का किरदार।

# आईसीयू में भर्ती मशहूर कॉमेडियन की मदद के लिए आगे आए प्रभास

अभिनेता प्रभास ने कुछ ऐसा किया है जिसकी सराहना की जा रही है। प्रभास दिग्गज कॉमेडियन फिश वेंकट के मुश्किल वक्त में उनकी मदद के लिए आगे आए हैं। मौजूदा वक्त में गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कॉमेडियन फिश वेंकट को तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है। इसके लिए अब प्रभास आगे आए और उन्होंने कॉमेडियन की वित्तीय सहायता की है। इसकी जानकारी खुद फिश वेंकट की बेटी ने दी है।

● **प्रभास ने की आर्थिक मददः** बातचीत के दौरान फिश वेंकट की बेटी श्रावंती ने बताया कि प्रभास की टीम ने उनके पिता की वित्तीय मदद की है। श्रावंती ने अपने पिता के साथ काम करने वाले प्रमुख टॉलीवुड कलाकारों से भी मदद की अपील की है। श्रावंती ने बताया कि उन्हें फिश वेंकट के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए लगभग 50 लाख रुपये की आवश्यकता है और प्रभास ने खर्च उठाने का वादा किया है। अपने पिता की गंभीर स्थिति के बारे में गहरी चिंता जताते हुए श्रावंती ने बताया कि वह आईसीयू में हैं और उन्हें तुरंत ही ट्रांसप्लांट कराना है।

● **अभी नहीं मिला किडनी डोनरः** फिश वेंकट की बेटी ने बताया कि पापा की तबीयत काफी खराब है। उनकी हालत गंभीर है। वह आईसीयू में हैं और उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है, जिस पर हमें कम से कम 50



लाख रुपये खर्च करने होंगे। प्रभास के असिस्टेंट ने हमसे संपर्क किया और वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने हमें ट्रांसप्लांट होने पर उन्हें जानकारी देने के लिए कहा ताकि वो इसकी फीस दे सकें। प्रभास की मदद से कुछ राहत मिली है, लेकिन बड़ी चुनौती किडनी डोनर ढूंढना है। फिश वेंकट की बेटी ने खुलासा किया कि परिवार में कोई भी व्यक्ति उन्हें किडनी नहीं दे सकता है। इसलिए अभी तक डोनर की खोज की जा रही है।

**अन्य टॉलीवुड स्टार्स से भी की अपील**

● **श्रावंती ने की अन्य कलाकारों से भी भावुक अपीलः** श्रावंती ने टॉलीवुड के अन्य प्रमुख सितारों से भी भावुक अपील की है और मदद के लिए आगे की बात कही है। श्रावंती ने कहा कि चाहे चिरंजीवी हों, पवन कल्याण हों, अल्लू अर्जुन हों या जूनियर एनटीआर, मुझे उम्मीद है कि वे मेरे पिता के लिए डोनर खोजने में हमारी मदद करेंगे। उन्होंने इन सभी के साथ इतनी अच्छी फिल्मों में काम किया है। अब कोई भी उनकी परवाह नहीं करता। मैं सभी से अनुरोध करती हूं कि कृपया मेरे पिता की मदद करें।

● **कॉमेडी और विलेन के रोल के लिए मशहूर हैं फिश वेंकटः** फिश वेंकट अपनी कॉमेडी और विलेन की प्रमुख भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं।

# 'सुशांत की तरह कार्तिक हो रहे टारगेट,अमाल मलिक ने किया दावा

## अमाल मलिक अपने एक बयान के चलते फिर से सुर्खियों में आ गए हैं

बॉलीवुड सिंगर और कंपोजर अमाल मलिक अब अपने एक बयान के चलते एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। जहां कुछ समय पहले तक वो अपने परिवार से दूरी बनाने की बात करके सोशल मीडिया पर चर्चाओं में आ गए थे, वहीं अब उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को लेकर एक बड़ा बयान देकर हलचल मचा दी है।

● **'कार्तिक आर्यन को किया जा रहा टारगेट':** दरअसल, इंटरव्यू के दौरान अमाल ने दावा किया कि बॉलीवुड के कुछ बड़े नाम कार्तिक आर्यन को टारगेट कर रहे हैं, ठीक उसी तरह जैसे कभी दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को किया गया था। अमाल का कहना है कि इंडस्ट्री के अंदर चल रहे ये षड्यंत्र बेहद गंभीर हैं और इनका असर मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा पड़ता है।

● **'सुशांत हैंडल नहीं कर पाए':** अमाल ने इंटरव्यू में साफ कहा कि सुशांत के निधन के बाद लोगों को बॉलीवुड की असली तस्वीर नजर आई। उन्होंने बताया कि जब तक सुशांत जिंदा थे, कोई नहीं जानता था कि पर्दे के पीछे कितना अंधेरा है। उन्होंने कहा, 'सुशांत जैसी शख्सियत भी इसे हैंडल नहीं कर पाई। किसी ने इसे आत्महत्या कहा तो कुछ ने हत्या। लेकिन सच्चाई ये है कि वो चला गया और इसके पीछे कहीं न कहीं इंडस्ट्री का रवैया भी जिम्मेदार था।' अमाल ने इस बात पर भी जोर दिया कि सुशांत के जाने के बाद जनता ने फिल्म इंडस्ट्री के दोहरे चेहरे को देखना शुरू किया। उन्होंने कहा कि वो पल एक टर्निंग पॉइंट था जब आम लोगों का भरोसा इंडस्ट्री से डगमगाने लगा।



● **कार्तिक आर्यन को लेकर जताई चिंताः** इंटरव्यू के दौरान अमाल ने ये भी कहा कि कार्तिक आर्यन भी कुछ ऐसे ही हालातों से गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्तिक के खिलाफ भी कुछ बड़े नाम साजिशें रच रहे हैं। हालांकि उन्होंने ये कहा, 'कार्तिक ने इन हालातों का मजबूती से सामना किया है। उनके परिवार ने उन्हें सहारा दिया और यही वजह है कि वो मुस्कुराते हुए इन सभी मुश्किलों से बाहर निकल पाए।' अमाल ने आगे कहा, लेकिन उसके पीछे उसकी मम्मी, पापा सब उसके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए साथ हैं। वह एक नवागंतुक भी है जो आया है, उसने अपना काम किया है। अमाल ने सुशांत के बारे में चर्चा करते हुए आगे कहा, सुशांत सिंह राजपूत हैंडल नहीं कर पाया, कुछ लोग तो इसे हत्या बताते हैं। वहीं, जांच में इसे आत्महत्या पाया गया। कुछ भी हो आदमी तो चला गया। इस फिल्म इंडस्ट्री ने जरूर उनके दिमाग पर कोई प्रभाव डाला होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **सुनील कुमार** द्वारा वी-22 खजूर वाली गली नम्बर-2 अरविंद नगर, घोंडा दिल्ली-110053 से प्रकाशित एवं कारे प्रिंटिंग प्रेस 574ए विजय पार्क गली नम्बर-2 मौजपुर दिल्ली-110053 से मुद्रित।
किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **सम्पादक : सुनील कुमार** RNI NO.- DELHIN/2007/22401